दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak




**भारत फिर विश्व चैंपियन: धोनी के बाद रोहित ने रचा इतिहास... राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने दी बधाई**

# टीम इंडिया ने 17 साल बाद जीता T-20 वर्ल्ड कप

## दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से हराया

**बेधड़क | बारबाडोस**

टी-20 विश्वकप 2024 के बेहद रोमांचक मुकाबले में टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से रौंद दिया। विराट कोहली की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी और फिर भारतीय तेज गेंदबाजों के धारदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका को 7 रन से हरा दिया और टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव दूसरी बार हासिल किया। इस जीत के साथ भारत ने वेस्टइंडीज की भी बराबरी कर ली, जिसने दो बार ये खिताब जीता था। राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया को जीत के लिए बधाई दी है।

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में अपराजेय रहते हुए फाइनल में भी जीत दर्ज की। हिटमैन की कप्तानी में टीम इंडिया पहली बार टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनी और 17 साल का इंतजार भी खत्म हुआ। भारत ने साल 2007 में पहली बार एमएस धोनी की कप्तानी में टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीता था और अब रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने ये कमाल करके दिखा दिया। भारत की जीत के हीरो




जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और अक्षर पटेल बने। इससे पहले बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने 20 ओवर में 176 रन बनाए। विराट कोहली ने 76 और अक्षर पटेल ने 47 रन बनाए।

### आंखों से छलके खुशी के आंसू

जीत के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ी भावुक हो गए। खासकर कप्तान रोहित शर्मा की आंखों से आंसू निकलने लगे। हार्दिक पांड्या फूट-फूटकर रोने लगे। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और मोहम्मद सिराज की आंखों में आंसू छलक गए।



### विराट ने टी-20 से लिया संन्यास



विराट कोहली ने भारत के टी20 विश्व कप जीतते ही टी-20 से संन्यास का ऐलान कर दिया। कोहली ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल के बाद उन्होंने खुद अपने रिटायरमेंट की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये उनका आखिरी टी-20 वर्ल्ड कप है और वह आने वाली जेनरेशन को मौका देना चाहते हैं।

**'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' में सीएम ने 7000 को सौंपे नियुक्ति पत्र**

# युवाओं के हितों पर कुठाराघात नहीं होगा बर्दाश्त: भजनलाल



**इस साल 70 हजार पदों पर सरकार कर रही है नई भर्तियां**

**रिक्त पदों पर कैलेंडर बनाकर की जाएंगी भर्तियां**

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित एवं उत्कृष्ट राजस्थान बनाने में युवा शक्ति की अहम भूमिका होगी। राजकीय सेवाओं में युवाओं को प्रदेश और समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा करने एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतर रही है और उन्हें सरकारी नौकरियों के सुनहरे अवसर भी प्रदान कर रही है। सीएम शनिवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में प्रथम बार आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए विभागों में रिक्त पदों एवं सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त पदों की कैलेंडर बनाकर भर्तियां आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष विभिन्न राजकीय सेवाओं के 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अब तक 16 हजार 641 पदों पर नियुक्ति, 58 हजार पदों के लिए विज्ञापन जारी, 11 हजार 500 पदों के लिए परीक्षा आयोजित एवं 5 हजार 500 पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा करने वाले सावधान रहें, क्योंकि प्रदेश में सरकार बदल गई है और युवाओं के हितों पर कुठाराघात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।




### प्रदेश में नियमित रूप से होंगे 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव'

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त राज्य कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उत्कृष्ट राज्यकार्य के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों से जुड़े नवनियुक्त कार्मिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद भी किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से 20 हजार से अधिक नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा को जब नौकरी मिलती है तो पूरे परिवार को आत्मबल की अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश में नियमित रूप से 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने के लिए पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित कर रही है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के साथ ही खेल प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए संभाग स्तर पर खेल सुविधाएं विकसित हो रही हैं ताकि मिशन ओलंपिक के लिए युवाओं को प्रतिस्पर्धी माहौल और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध हो सकें।

### CM आज करेंगे 65 लाख किसानों के खातों में 650 करोड़ रुपए ट्रांसफर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश के किसानों के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का रविवार को शुभारंभ करेंगे। सहकारिता मंत्री गोतम कुमार दक ने बताया कि मुख्यमंत्री टोंक के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह इसका शुभारंभ करेंगे। इसमें प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 650 करोड़ रु. से अधिक की राशि का सीधा उनके बैंक खातों में हस्तान्तरण किया जाएगा।

### सरकार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस दिशा में प्रदेश में जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क, भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तथा हैंडीक्राफ्ट पार्क स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन, निर्माण, सेवा, एमएसएमई, कृषि, गैर-परंपरागत ऊर्जा में निवेश एवं ढांचागत सुधारों के जरिये प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, स्किल डवलपमेंट के माध्यम से युवाओं में कौशल संवर्द्धन किया जाएगा।

**PHQ की रिपोर्ट**

# ADG के आदेश के बाद प्रदेशभर से हटाए गए CLG के 14,000 मेंबर

- 7 हजार से ज्यादा सीएलजी मेंबर जुड़े हैं राजनीतिक और आपराधिक गतिविधियों से
- पुलिस अधिकारियों के जिलों में निरीक्षण के दौरान आई थी सीएलजी सदस्यों की गंभीर शिकायतें

**ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क**

**जयपुर।** पुलिस और आमजन के बीच में न्याय दिलाने में अहम कड़ी बनने वाले पुलिस के सीएलजी सदस्य राजनीतिक गतिविधियों के साथ अपराधिक गतिविधियों से भी जुड़े हुए हैं। यह चौंकाने वाले तथ्य हाल ही में पुलिस अधिकारियों द्वारा किए गए जिलों के दौरों के दौरान सामने आए हैं।

सीएलजी मेंबरों के राजनीतिक और आपराधिक गतिविधियों से जुड़ने पर पुलिस मुख्यालय ने इसको गंभीरता से लिया है। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में सभी जिला एसपी और डीसीपी को थाना स्तर पर सभी सीएलजी मेंबरों की जांच पड़ताल करने अवांछनीय गतिविधियों में लिप्त होने पर हटाने के निर्देश दिए थे। पुलिस मुख्यालय के आदेशों के बाद जिला स्तर पर ऐसी सीएलजी मेंबरों की जांच पड़ताल की तो सामने आया कि करीब 7 हजार सीएलजी मेंबर राजनीतिक और अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है, जबकि 7 हजार से ज्यादा तय सीमा के बाद भी सीएलजी मेंबर बने हुए हैं। ऐसे में प्रदेश में पुलिस ने 14 हजार 840 सीएलजी मेंबरों को हटा दिया और उनकी जगह दूसरे लोगों को CLG मेंबर बनाया गया है, जो राजनीतिक पार्टियों से दूर है और उनके खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं हैं। प्रदेश में 1014 पुलिस थाने है। इनमें करीब 87 हजार सीएलजी मेंबर है।




### रिपोर्ट के बाद हटाए सदस्य

"सीएलजी सदस्य आमजन और पुलिस के बीच सामंजस्य की कड़ी होते हैं। निरीक्षण के दौरान सामने आया था कि कई सदस्य अपराधिक व राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े हैं। उनको हटाकर नए बनाने के निर्देश दिए थे।

**-बीएल मीणा, एडीजी,** कम्यूनिटी पुलिसिंग

### जयपुर कमिश्नरेट की स्थिति

जयपुर कमिश्नरेट में पुलिस के चार जिले है। जयपुर उत्तर में 155, दक्षिण में 139, पूर्व में 200 और जयपुर पश्चिम में 508 सीएलजी मेंबर नए बनाए गए हैं। जयपुर कमिश्नरेट के थानों में 5778 सीएलजी मेंबर है।

### इन जिलों में हटाए सबसे ज्यादा सदस्य

में सामने आया कि 7 जिलों में सबसे ज्यादा CLG मेंबर हटाकर नए बनाए गए हैं। सिरोही जिले में सबसे ज्यादा सदस्यों को हटाकर 1265 लोगों को नया मेंबर बनाया है, जबकि अजमेर में 1014, सीकर में 648, भीलवाड़ा में 626, उदयपुर में 609, चूरू में 583 और जयपुर पश्चिम में 508 सीएलजी मेंबरों को हटाकर नए सदस्य बनाए हैं। इनमें से अधिकतर सदस्य राजनीतिक व अपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे, जबकि 50 फीसदी से ज्यादा को रिटायर कर दिया गया।

### इन जिलों में सबसे कम हटाए मेंबर

पुलिस मुख्यालय की रिपोर्ट की माने तो राजसमंद जिले में सबसे कम सीएलजी मेंबर अपराधिक के साथ राजनीतिक गतिविधियों में लिप्त पाए गए, जबकि 70 फीसदी मेंबरों की तीन साल की अवधि पूरी होने पर ही हटाया गया। राजसमंद में 33 मेंबर नए बनाए गए, जबकि टोंक में 53, जालोर में 86, धौलपुर में 79, झुंझुनूं में 102 और सवाई माधोपुर में केवल 137 नए सीएलजी मेंबर बनाए गए।

## जरूरी खबर

### सटीक आंकड़े ही हैं विकास का आधार: शर्मा



**जयपुर।** महान सांख्यिकीविद् प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 131वीं जयंती के मौके पर आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कलेक्ट्रेट सभागार में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक हीरा लाल जाटव एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी ऋतेश कुमार शर्मा ने उद्घाटन किया।र इस मौके पर 'यूज ऑफ डाटा फॉर डिसीजन मेकिंग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। एसीपी ऋतेश कुमार शर्मा ने कहा कि सांख्यिकी का नीति निर्धारण में अहम स्थान है यही कारण है कि सही एवं सटीक आंकडे ही देश-प्रदेश के सतत विकास का आधार है।

### आमजन की समस्याओं का शीघ्र करें निस्तारण

**जयपुर।** सिरोही आबूरोड उपखंड के ओर गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। इसमें एसडीएम वीरमाराम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही तत्काल कारवाई करने के आदेश दिए। रात्रि चौपाल में बिजली, पानी एवं नामांतरण सहित विभिन्न समस्याओं के 10 परिवाद प्राप्त हुए। एसडीएम वीरमाराम ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण करवाकर पीड़ितों को राहत प्रदान करने के आदेश दिए। इस दौरान तहसीलदार मंगलाराम मीणा, विकास अधिकारी भंवरलाल, बीसीएमओ डॉ. गौतम मोरारका, सहायक अभियंता हेमंत गोयल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### मंत्री बनने के बाद आज जोधपुर आएंगे शेखावत



**जयपुर।** केंद्र सरकार में दूसरी बार कैबिनेट मंत्री का पद ग्रहण करने के बाद सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को पहली बार रविवार को जोधपुर आएंगे। शेखावत के इस दौरे को लेकर भाजपाइयों में उत्साह दिख रहा है। जिलाध्यक्ष देवेंद्र सालेचा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री शेखावत सुबह 9 बजे रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। यहां से पुरी तिराहा, सोजतीगेट, मोहनपुरा पुलिया होते हुए निवास स्थान अजीत कॉलोनी तक भाजपा कार्यकर्ताओं सहित सामाजिक संगठनों, यूनियनों और संस्थाओं की ओर से शेखावत का स्वागत किया जाएगा।

---

**अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने समीक्षा बैठक लेकर सत्र से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं पर की अधिकारियों से चर्चा**

# 16वीं विस का दूसरा सत्र 3 से, सुरक्षा के रहेंगे खास इंतजाम

बेधड़क | जयपुर

सोलहवीं राजस्थान विधान सभा का द्वितीय सत्र बुधवार 3 जुलाई से आरंभ होगा। विधान सभा सचिवालय ने सत्र के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का प्रबंध कर लिया है।सत्र के दौरान विधानसभा की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सत्र से संबंधित की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की। विधान सभा सत्र के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ प्रमुख सचिव श्री महावीर प्रसाद शर्मा ने चर्चा की। विभिन्न



विभागों के अधिकारियों द्वारा कार्यों की प्रगति रिपोर्ट विधान सभा को प्रस्तुत की जा रही है।

### फोटो युक्त प्रवेश पत्र ही मान्य

विधान सभा सत्र के दौरान फोटो युक्त प्रवेश पत्र ही मान्य होगा। फोटोयुक्त क्यूआर कोड प्रवेश पत्र से ही अधिकारी एवं कर्मचारी विधान सभा में प्रवेश कर सकेंगे। क्यूआर कोड के स्कैन करने पर ही फ्लैग बैरियर खुलेगा। जिससे आगंतुक विधान सभा में प्रवेश कर सकेंगे। विधान सभा भवन से बाहर जाने के लिए यही प्रक्रिया अपनानी होगी। विधान सभा सदन में मोबाइल फोन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा । मोबाइल फोन के उपयोग को सदन में निषेध किया गया है।

### वाहनों के पार्किंग की खास व्यवस्था

विधान सभा भवन परिसर में वही वाहन प्रवेश कर सकेंगे, जिन पर द्वितीय सत्र का सत्रकालीन वाहन प्रवेश पत्र लगा होगा। अधिकारी व कर्मचारियों के वाहनों का आवागमन गेट नंबर 1 उत्तर पूर्वी द्वारा से होगा और पार्किंग पूर्वी द्वार के भूतल पर की जा सकेगी। पत्रकारों के वाहनों का प्रवेश भी गेट नंबर 1 से होकर पूर्वी एवं दक्षिण कोने में बनाए गए स्थान पर पार्किंग की जायेगी।

### मंत्रियों से मुलाकात की रहेगी प्रक्रिया

सत्र के दौरान विधान सभा में मुख्यमंत्री व मंत्रियों से मिलने आने वाले प्रतिनिधि मण्डलों के प्रवेश की व्यवस्था संबंधित से सहमति मिलने के पश्चात सम्पर्क अधिकारी द्वारा की जाएगी। इसको लेकर तमाम व्यवस्थाएं की गई है। वहीं सुरक्षा को लेकर खास इंतजाम किए गए हैं। वहीं सत्र के दौरान विधानसभा के आस-पास के क्षेत्र में धरना प्रदर्शनों को रोकने के लिए भी खास बैरिकेडिग की गई है।

---

**मुख्यमंत्री भजनलाल ने विद्याभारती के सम्मान समारोह में कहा...**

# किताबी ज्ञान के बदले सर्वांगीण विकास वाला हो शिक्षा का स्वरूप

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का आधार है। यह हमें चुनौतियों का मुकाबला करने और सफलता की सीढ़ियां चढ़ने के काबिल बनाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किताबी ज्ञान प्राप्त करने की बजाय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर करने वाली शिक्षा की आवश्कता है।

शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने भविष्य का निर्माण करता है बल्कि राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को विद्या भारती राजस्थान की ओर जयपुर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विद्या भारती संगठन के विद्यालयों के 47 विद्यार्थियों, उनके प्रधानाचार्यों और अभिभावकों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिभावको को बच्चों पर अपनी महत्वाकांक्षाएं थोपने के बजाए उनकी रुचि को पहचान कर आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए तथा विद्यार्थियों को भी असफलता से घबराने की बजाय उनसे सीख लेकर मजूबती से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा पहचानने और उन्हें निखारने में विद्यालयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विद्या भारती शिक्षा के साथ ही सह शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन कर इस भूमिका को सफलतापूर्वक निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय संस्कारो की वह पाठशाला है जहां राष्ट्रभक्ति संस्कृति का सम्मान और सामाजिक समरस्ता के संस्कार दिए जाते हैं।




### नई शिक्षा नीति में रचनात्मकता पर ध्यान

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की है जो रटने की बजाय समझने पर जोर देती है। इसमें बच्चों के रचनात्मक कौशल के विकास पर ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अब स्कूलों में ही बच्चों को विभिन्न कौशल सिखाए जाएंगे ताकि वे भविष्य में रोजगार के लिए तैयार हो सके। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रयत्नशील है। राज्य के प्रत्येक संभाग में आईआईटी की तरह राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तथा एम्स की तर्ज पर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज भी शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सब के लिए सुलभ सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने की सोच के साथ प्रदेश सरकार ने कई कदम उठाए हैं। अल्प आय वर्ग, लघु-सीमांत-बटाईदार किसानों और खेतीहर श्रमिकों के बच्चों को केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों तथा कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राओं को स्कूल बैग, किताबें तथा यूनिफॉर्म खरीदने के लिए एक-एक हजार रुपए की सहायता दी जा रही है।

### 70 हजार पदों पर होगी भर्ती

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि युवाओं का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार इस वर्ष 70 हजार पदों पर भर्तियां करने जा रही है। भविष्य में भर्ती कैलेंडर के अनुसार चरणबद्ध रूप से परीक्षाएं आयोजित कर रिक्त पदों को भरा जाएगा। सरकारी नौकरियां देने के साथ राज्य सरकार युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने मात्र छह माह के कार्यकाल में ही घोषणा पत्र के लगभग 45 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं।

### हम सभी में हो कर्तव्य का बोध

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी में जिम्मेदार नागरिक होने का कर्त्तव्यबोध होना चाहिए। हम देश और समाज के प्रति हमारे कर्त्तव्य को निभाए और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उत्थान कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अपने आस-पास के प्रत्येक वंचित व्यक्ति तक पहुंचाकर हम देश और प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, संत रामप्रसाद, विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर, विद्या भारती राजस्थान के अध्यक्ष भरतराम कुम्हार सहित विद्या भारती संगठन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद थे।

---

**IMD ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट**

# राजस्थान-दिल्ली समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट



बेधड़क | नई दिल्ली/ जयपुर

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार से पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने कहा कि वर्तमान में बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो उत्तरी ओडिशा-गंगा के पश्चिमी बंगाल तटों से सटा हुआ है।

मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर राजस्थान, बिहार की सीमा से लगे पूर्वी उत्तर प्रदेश और निचले क्षोभमंडल स्तर पर उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण का निर्माण हुआ है। उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से निम्न दबाव वाले क्षेत्र तक एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ रेखा फैली हुई है। आईएमडी ने कहा कि इन मौसम प्रणालियों के कारण 3 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

### बाड़ी में 2 घंटे में चार इंच बारिश

**जयपुर।** प्रदेश में शनिवार को जयपुर सहित एक दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिन जयपुर, भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ तेज बारिश होने तथा कहीं-कहीं भारी बारिश व कहीं-कहीं अतिभारी बारिश होने की संभावना जताई है। कोटा, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर संभाग के भी कुछ भागों में आगामी तीन-चार दिन मेघगर्जन के साथ बारिश जारी रहने की संभावना है।

---

**मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगे शुभारंभ**

# चिकित्सा विभाग के 3 अभियान आज से

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को पोलियो दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्टॉप डायरिया अभियान-2024 एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा आईडी बनाओ अभियान का भी शुभारम्भ करेंगे।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के 50 जिलों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के करीब 1.07 करोड़ बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 61 हजार 500 से अधिक बूथ बनाए गए हैं, जिन पर 77 हजार 500 से अधिक टीमें पल्स पोलियो की खुराक पिलाएंगी। रविवार को बूथ पर पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के साथ ही अगले दो दिन घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी। इसी प्रकार दस्त संबंधी बीमारियों से बच्चों में होने वाली मौतों पर प्रभावी रोकथाम के लिए प्रदेश में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री इसका शुभारम्भ रविवार को मुख्यमंत्री निवास से करेंगे। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य कार्मिक घर-घर जाकर पांच साल तक की आयु के बच्चों को दस्त से बचाव हेतु स्वास्थ्य परामर्श, ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियां उपलब्ध करवाएंगे। साथ ही, आमजन को डायरिया से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। चिकित्सा विभाग की ओर से दो माह तक यह अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान गांव-ढाणी तक पहुंचकर आमजन की आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानी आभा आईडी बनाई जाएगी।

---

**विरोध प्रदर्शन करने भाजपा कार्यालय पहुंचे 'आप' कार्यकर्ता बोले...**

# सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी गैरकानूनी

बेधड़क | जयपुर



राजधानी जयपुर में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समर्थन में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करने के लिए बीजेपी कार्यालय के पास पहुंचे। जैसे ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदर्शन करने के लिए गाड़ी से उतरे और भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर निकले, उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें पुलिस की गाड़ियों में डालकर थाने पर ले गए।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को नाजायज परेशान करने और गैर कानूनी तरीके से गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव राजपाल फोगावत ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देशभर में अरविंद केजरीवाल को गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार करने के विरोध में प्रदर्शन करने का आह्वान किया था, लेकिन जयपुर में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के पास लोकतंत्र की हत्या हुई है। विरोध प्रदर्शन करने का लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमारा अधिकार है, लेकिन उस अधिकार से हमें महरूम रखा गया।

बीजेपी कार्यालय से कुछ दूरी पर पुलिस की ओर से बैरिकेड्स लगा दिए गए, जहां पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एकत्र हुए थे। उन्हें वहां से जबरदस्ती बस में बैठाकर पुलिस थाने पर ले गए। पहले ईडी ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया और अब सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लोअर कोर्ट में अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली, लेकिन बिना आर्डर की कॉपी लिए हाई कोर्ट में पहुंच गए और जमानत को स्टे करवा दिया।

---

**ऊर्जा मंत्री ने बैठक में अधिकारियों को चेताया**

# विकास कार्यों की गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं: नागर

बेधड़क | जयपुर

ऊर्जा विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने टोंक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति से कार्य कर रही है। विकास कार्यों में गुणवत्ता की कमी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

फील्ड अधिकारी आमजन की सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें। साथ ही, उनकी शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर राहत प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें। वहीं आमजन की समस्याओं के प्रति गंभीरता बरतें। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार यादव से जिले में चिकित्सा व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों के उपचार को लेकर विभाग प्रो-एक्टिव रहे। रोगियों को त्वरित और बेहतर इलाज मिले।



### जल जीवन मिशन के कार्यों में लाएं तेजी

जल जीवन मिशन की जिले में प्रगति की समीक्षा के दौरान नागर ने कहा कि विभाग पेंडिंग कार्य में तेजी लाएं। कार्य के दौरान तोड़ी जाने वाली सड़क का निर्माण शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण करें। उन्होंने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा को निर्देश दिए कि इन तोड़ी गई सड़क के पुनः निर्माण की गुणवत्ता को जांचने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं अन्य सदस्यों की कमेटी बनाएं। विद्युत विभाग के प्रगतिरत कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रभारी मंत्री ने अधीक्षण अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी बैठक में सवाई माधोपुर से प्रसारण के अधीक्षण अभियंता को बुलाने के लिए कहा।

### जलभराव से निपटने की तैयारियों पर चर्चा

नागर ने नगर परिषद आयुक्त ममता नागर से बारिश के दौरान जलभराव से निपटने की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि फ्लड कंट्रोल रूम के माध्यम से जल भराव की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। सार्वजनिक निर्माण विभाग के पूर्ण, प्रगतिरत कार्यों एवं नॉन पेचेबल सड़क के भेजे गए प्रस्ताव की जानकारी ली। बैठक में निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

### दिया ने की देवनानी से भेंट



***जयपुर।*** *राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शनिवार को उनके राजकीय निवास पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुलाकात की। डिप्टी सीएम की स्पीकर से यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान दोनों के बीच 16वीं विधानसभा के द्वितीय सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले बजट से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई।*

## जरूरी खबर

### राजस्थान रग्बी टीम का जयपुर पहुंचने पर स्वागत



**जयपुर।** नवीं जूनियर रग्बी फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप में उपविजेता रही राजस्थान रग्बी टीम का जयपुर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। राजस्थान रग्बी संघ के चेयरमैन पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता ताका यह आयोजन 25 एवं 26 जून को पुणे के बालेवाडी स्टेडियम में आयोजित हुआ था। जिसमें राजस्थान रग्बी ने महाराष्ट्र को 28-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर राजस्थान का नाम रोशन किया। यह टीम उपविजेता रही। राजस्थान रग्बी की टीम के खिलाडियों का शनिवार को जयपुर पहुंचने पर माला, मेडल और कीट पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

### परिचित ने जॉब का झांसा देकर बुलाया, किया रेप

**जयपुर।** शहर में परिचित युवक ने जॉब के बहाने धोखे से बुलाकर महिला के साथ रेप कर दिया। विरोध करने पर मारपीट कर उसके डॉक्यूमेंट व सामान छीन लिया। कानोता थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि भरतपुर निवासी 28 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह कानोता इलाके में परिवार सहित रहती है। परिचित होने के कारण आरोपी राजेश जोगी से बातचीत है। आरोप है कि राजेश जोगी ने जॉब के बहाने उसे मिलने के लिए बुलाया। 13 जून को मिलने जाने पर जॉब दिलाने की कहकर धोखे से उसे अपने साथ जामडोली ले गया। वहां आरोपी ने उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर उसके डॉक्यूमेंट और सामान छीन लिए। इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। कानोता थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**रोडवेज में महिला सुरक्षा:** रोडवेज बसों में महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर मिलेगी नई सुविधा

# सीट पर लगा पैनिक बटन दबाते ही महिला को मिलेगी मदद

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा के मद्देनजर कई अहम कदम उठा रही है और कई नवाचार कर रही है। इसी कड़ी में अब राजस्थान रोडवेज की बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रत्येक दो सीटों के मध्य एक पैनिक बटन होगा, जिससे महिला यात्री किसी भी समस्या के लिए मात्र 10 मिनट के भीतर तुरंत मदद प्राप्त कर सकेगी। इसको लेकर 8.5 करोड़ की राशि स्वीकृत की जा चुकी है एवं इससे संबंधित कंट्रोल रूम अभय कमांड एवं अन्य व्यवस्थाओं पर काम तेजी से जारी है।







### ऐसे लगेगा सिस्टम

प्रत्येक दो सीट के मध्य एक पैनिक बटन होगा। यह बटन सिर्फ महिला यात्री के उपयोग के लिए होगा। यदि महिला यात्री किसी प्रकार की समस्या के लिए मदद चाहती है तो पैनिक बटन दबाने के बाद 10 मिनट के भीतर उस तक मदद पहुंच जाएगी।

### ऐसी होगी मॉनिटरिंग

पैनिक बटन दबाने के साथ ही रोडवेज के मुख्यालय में इसकी सूचना पहुंचेगी। यहां से व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम एवं जीपीएस के जरिए उस इलाके में रोडवेज के संबंधित मैनेजर एवं लोकल पुलिस को सूचित किया जाएगा। इसके बाद रोडवेज की टीम एवं पुलिस त्वरित मदद के लिए बस तक पहुंचेगी। प्रत्येक शिकायत एवं रिकॉर्ड एवं संबंधित महिला से उसका फीडबैक का सिस्टम भी पुलिस की तर्ज पर होगा। जिला स्तर पर अभय कमांड महिलाओं की सुरक्षा के लिए जिला स्तर पर रोडवेज एक अभय कमांड का निर्माण करेगी, जो विपरीत परिस्थिति में पुलिस के साथ मिलकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कार्य करेगी। इस कमांड की मॉनिटरिंग रोडवेज की जोनल स्तर के अधिकारियों के पास होगी।

### इनका कहना है

“ महिलाओं की सुरक्षा हमारे लिए प्राथमिकता है, पैनिक बटन पर काम जारी है।

**डॉ. ज्योति चौहान,** ईडीटी, रोडवेज

**जेडीए की बड़ी कार्रवाई... 10 दुकानें सील, 04 निर्माण किए ध्वस्त**

# सीलिंग की, चला पीला पंजा... अवैध निर्माण पर कसा शिकंजा

**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए ने शनिवार को तीन अलग-अलग जोन में बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में सिरसी रोड पर राम विहार कॉलोनी में एक-एक 4 और 6 मंजिला अवैध बिल्डिंग की सीलिंग के अलावा ईकोलॉजिकल जोन आगरा रोड, ग्राम लखेसरा रिंग रोड के पास जेडीए स्वामित्व की भूमि पर निर्माणाधीन 4 अवैध दुकानों को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। साथ ही, गैर अनुमोदित योजना रघु विहार, महावीर मार्ग, शिप्रा पथ पर आवासीय भूखंड में व्यावसायिक निर्माण के विरुद्ध ध्वस्त किया।

जेडीए के मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पहली कार्रवाई में प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को जोन पीआरएन (एन) के क्षेत्राधिकार में सिरसी रोड पर राम विहार कॉलोनी के भूखण्ड संख्या-9बी आवासीय भूखंड में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजन के लिए बनी 4 मंजिला अवैध बिल्डिंग पर जेडीए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इससे पूर्व भी निर्माणकर्ता को नोटिस देकर अवैध निर्माण हटाने के लिए पाबंद किया गया था, परन्तु अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर इस अवैध 4 मंजिला बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारों से चुनवाकर गेट और शटर्स पर सील चपड़ी सहित ताले लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की गई।

जेडीए द्वारा सीलिंग में हुए व्यय की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जाएगी। इसी तरह सिरसी रोड के ही राम विहार कॉलोनी के भूखंड संख्या-8ए, 8बी आवासीय भूखंड के पट्टे पर जेडीए की बिना अनुमति-स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजन के लिए वृहद स्तर पर बनी 6 मंजिला अवैध बिल्डिंग पर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई प्रवर्तन अधिकारी जोन-पीआरएन (एन), 10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते, लेबर गार्ड एवं जोन के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा की गई।





### 4 दुकानों को किया ध्वस्त

इधर, जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलॉजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड, ग्राम लखेसरा रिंग रोड के पास जेडीए स्वामित्व की भूमि पर भू-माफियों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर व्यावसायिक कार्यों के लिए चार दुकानों का अवैध निर्माण किरने की शिकायत प्राप्त होने पर जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से निर्माण ध्वस्त कर जेडीए स्वामित्व की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। कार्रवाई में प्रवर्तन अधिकारी जोन-10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते सहित राजस्व व तकनीकी स्टाफ मौजूद रहा।

### व्यावसायिक प्रयोजन पर कार्रवाई

जोन-5ए के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गैर अनुमोदित योजना रघु विहार, महावीर मार्ग, शिप्रा पथ पर भूखंड संख्या-30 (आवासीय भूखंड) में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ अवैध निर्माण पाए जाने पर जोन-5ए के राजस्व व तकनीकी स्टाफ व प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया।

**मर्डर ऑन रोड: पत्थर से ताबड़तोड़ वार... हत्यारा फरार, पुलिस ने किया नामजद**

# सरेआम सड़क पर महिला की सिर फोड़कर हत्या!

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में हमलावर ने पीछा कर महिला को बीच रास्ते में रोक उसका सिर फोड़कर हत्या कर दी। लहूलुहान हालत में हॉस्पिटल ले जाने पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया गया। सांगानेर थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर हमलावर की तलाश शुरू कर है। सांगानेर थानाधिकारी किशनलाल विश्नोई ने बताया- हरदोई उत्तर प्रदेश निवासी फूलमति (32) पत्नी रमेश कुमार की हत्या की गई है। गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे कंपनी से छुट्टी होने पर फूलमति पैदल घर लौट रही थी। श्योपुर रोड सेक्टर-76 से जाते समय पीछे से आए एक व्यक्ति ने उसे रास्ते में रोका। पत्थर से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। लहूलुहान होकर फूलमति के गिरने पर हमलावर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने गंभीर हालत में फुलमति को एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।



### मोबाइल से हुई पहचान

मृतका के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान होने पर परिजनों को हॉस्पिटल बुलाया गया था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के पति की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि हत्यारे को नामजद कर लिया गया है। पुलिस टीमें हत्यारे को पकड़ने के लिए उसके छिपने के ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही हत्यारे को पकड़ हत्या के पीछे के मकसद का खुलासा किया जाएगा।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।


**परिवार को सोते समय निकलीं, बैग में रखा जरूरत का सामान**

# चौथी क्लास की बच्चियां घर छोड़ भागीं

**बेधड़क** | जयपुर

खोह नागोरियान थाना इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। चौथी कक्षा में पढ़ने वाली दो नाबालिग सहेलियां घर छोड़कर भाग गईं। दरअसल, दोनों सहेलियां रात में परिवार को सोते छोड़कर अपने-अपने घर से निकल गईं। चौथी क्लास में पढ़ने वाली बच्चियां स्कूल बैग में जरूरत का सामान रखकर ले गईं। खोह नागोरियान थाने में पीड़ित परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने FIR दर्ज कर बच्चियों की तलाश शुरू कर दी है।

खोह नागोरियान थानाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि खोह नागोरियान निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह परिवार सहित किराए से रहता है। उसकी 12 साल की बेटी प्राइवेट स्कूल की चौथी क्लास में पढ़ती है। गुरुवार रात को खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए। तब देर रात परिवार के सोते समय नाबालिग बेटी घर से भाग गई। रात करीब 3 बजे जागने पर बेटी को गायब देखकर ढूंढ़ना शुरू किया। घर से पिता का मोबाइल व 73 हजार रुपए के साथ नाबालिग बेटी का स्कूल बैग भी गायब था। नाबालिग बेटी को ढूंढ़ने के दौरान पड़ोस में रहने वाली 12 साल की उसकी सहेली के भी घर से गायब होने का पता चला। दोनों बच्चियों के परिजनों ने मामला दर्ज करवाया। थानाधिकारी ने बताया कि खोह नागोरियान सुरेश यादव का कहना है- मामले का पता चलने पर बच्चियों की तलाश में तुरंत पुलिस टीमें लग गई थी। बच्चियों का पता चल गया है, जल्द ही हम उन्हें ढूंढ़कर ले आएंगे। दोनों बच्चियां घर से घूमने के लिए निकली थीं।

**आदिश्वर धाम में हुआ बड़े बाबा आदिनाथ का विधान**

# बड़े बाबा की भक्ति में झूम उठे श्रद्धालु

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के पास आदिश्वर धाम चाकसू में कुंडलपुर वाले बड़े बाबा आदिनाथ भगवान का संगीतमय मण्डल विधान पूजन शनिवार को जोरदार भक्ति भाव के साथ हुआ। पदम जैन बिलाला ने बताया कि प्रातः मूलनायक आदिनाथ के अभिषेक के बाद भगवान आदि नाथ की धातु की प्रतिमा को विधि विधानपूर्वक लाकर मंडल पर पांडुशीला पर विराजित किया गया जहां मन्त्रोचारण के बाद चतुष्कोनों में स्थापित रजत कलशों से अभिषेक किए गए।



विधानाचार्य के सान्निध्य में मण्डल पर सुनील अलका साक्ष्य सेठी द्वारा मुख्य कलश व दीप प्रज्वलन तथा नित्य पूजन के बाद विधान पूजन प्रारंभ हुई। उल्लेखनीय है कि सुनील सेठी 36 वर्ष की बेदाग राजकीय सेवा से उच्च अधिकारी के पद से गुरुवार को ही सेवा निवृत्त हुए हैं। शांति धारा कर्ता सेठी परिवार द्वारा तथा बाद में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा मंडल पर एक-एक वलय में भक्ति करते हुए श्रीफल व अर्घ्य समर्पित किए। महिलाओं द्वारा एक सी गोल्डन साड़ी में तथा पुरुष वर्ग द्वारा केसरिया वस्त्रों में भक्ति का दृश्य मन भावन लग रहा था। विधान में जनकपुरी मन्दिर प्रबंध समिति, महिला मंडल, संगिनी फॉरएवर, के सदस्यों जयपुर, मालपुरा, टोंक, चाकसू, आदि स्थानों से पधारे श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

**नशे का अवैध कारोबार: जयपुर में स्कूल-कॉलेज के स्टूडेंट्स को ड्रग्स सप्लाई कर रहे विदेशी**

# बदमाशों की डायरी में खरीदारों का पूरा ब्योरा... 3 साल से जारी है कारोबार

**बेधड़क** | जयपुर

यहां 27 जून को करोड़ों रुपए के ड्रग्स के साथ पकड़े गए विदेशी युवकों ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। पकड़े गए दोनों बदमाश बिजनेस वीजा पर भारत आए थे। इनमें से एक विदेशी वीजा खत्म होने के बाद भी भारत में रह रहा है।

अलग-अलग राज्यों से नशे की खेप जयपुर लाकर स्टूडेंट्स को सप्लाई करते थे। बदमाशों के पास से एक डायरी भी मिली है। इसमें नशा करने वालों का नाम और पूरा हिसाब लिखा है। मामले की जांच कर रही पुलिस ने विदेश मंत्रालय को दोनों की जानकारी दे दी है। साउथ अफ्रीका और नाइजीरिया की एम्बेसी से दोनों की डिटेल मांगी गई है।



### क्या कहते हैं डीसीपी



डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सागर ने बताया कि इन ड्रग तस्कारों से मिले मादक पदार्थ को एफएसएल भिजवाया गया है। दोनों आरोपियों के इंटरनेशनल कॉन्टेक्ट को लेकर लगातार पूछताछ की जा रही है। ये लोग संगठित होकर मादक पदार्थों की तस्कर कर रहे थे। इन लोगों के जाल में जयपुर के कई कॉलेजों के बच्चे फंसे थे और कुछ पब भी इनकी जद में थे। जहां ये नशे की सप्लाई किया करते थे। 27 जून को दिन में 12 बजे श्रीराम विहार स्थित अकीरा लाइब्रेरी के पास बाइक पर मादक पदार्थों की डिलिवरी करने जा रहे इन दोनों विदेशी नागरिकों को पकड़ा था। दोनों आरोपी मौके से भागने लगे थे तब दोनों को घेर कर पुलिस ने काबू पाया।

### विशेष टीम बनाकर हो रही पूछताछ

पूछताछ के दौरान दोनों ही तस्करों ने पहले हिंदी और अंग्रेजी आने से मना किया। इसके बाद पुलिस ने सख्ती की तो अब दोनों हिंदी में जवाब देने लगे हैं। अब तक की जांच में सामने आया है कि ये लोग 3 साल से जयपुर, दिल्ली, पुणे में एक्टिव होकर नशे की तस्करी कर रहे हैं। यह पहली बार हुआ है कि ये लोग पुलिस की गिरफ्त में आए हैं। दोनों तस्करों से पूछताछ के लिए विशेष टीम बनाई गई है। जो हर एंगल पर काम कर रही है।

### ये बताई पहचान


पुलिस ने जब दोनों आरोपियों से उनकी जानकारी मांगी तो एक ने खुद का नाम दक्षिण अफ्रीका निवासी माइकल और दूसरे ने नाइजीरिया निवासी इमैनुअल बताया। पुलिस ने दोनों के पासपोर्ट और वीजा जांच के लिए सीज कर लिए। जब दोनों के दस्तावेजों की जांच की गई तो यह सामने आया की माइकल का वीजा काफी समय पहले ही खत्म हो चुका है। वह गैर कानूनी तरीके से भारत में रह रहा है। ये दोनों तस्कर पिछले 8 महीने से जयपुर शहर में किराए से रह रहे थे।

### डायरी में बड़ी स्कूल-कॉलेज के बच्चों के नाम

आरोपियों के पास से पुलिस ने 45 हजार रुपए नगद बरामद किए थे। जो इन लोगों ने कोकीन बेच कर कमाए थे। इसके अलावा एक डायरी भी मिली हैं। इसमें कोकीन लेने वाले ग्राहक का नाम, कॉलेज-स्कूल और मोबाइल नम्बर लिखा हुआ है। इस डायरी के जरिए पुलिस मादक पदार्थों का सेवन करने वालों तक भी पहुंचेगी।

## जरूरी खबर

### मारवाड़ी विरासत के विशेषज्ञ नाहर सिंह का निधन



**जोधपुर।** मारवाड़ की विरासत के पुरोधा के रूप में पहचान रखने वाले मेहरानगढ़ म्यूजियम व सिटी पैलेस उदयपुर के पूर्व डायरेक्टर ठाकुर नाहर सिंह जसोल का शनिवार को निधन हो गया। जसोल हिंदी, राजस्थानी के कुशल लेखक थे। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं। मेहरानगढ़ के निदेशक रहने के दौरान उन्होंने राजस्थानी और राजस्थानी कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किए। जसोल राजपूत और चारण संबंधों के विशेषज्ञ थे।

### पैंथर के हमले से राहगीर की मौत, लोगों में खौफ

**राजसमंद।** जिले के पिपलांत्री गांव में शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे राह चलते पुठोल निवासी 42 वर्षीय रणसिंह पर पैंथर ने हमला कर दिया। उसके बाद पैंथर उसे सड़क किनारे गड्ढे में पटक कर जंगल की ओर लेकर चला गया। इस बीच सड़क से गुजर रहे एक ट्रेलर के चालक ने पैंथर को हमला करते देखा और इसकी जानकारी स्थानीय लोगों को दी। उसके बाद कई लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। साथ ही वन विभाग और पुलिस को भी सूचना दी। वन विभाग ने पैंथर को पकड़ने के लिए रात को ही दो पिंजरे लगा दिए। साथ ही क्षेत्रीय लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई। घटना के दौरान रणसिंह काम खत्म होने के बाद शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे पैदल अपने घर लौट रहा था। पृथ्वीराज चौहान चौराहे के पास पैंथर ने उस पर हमला कर दिया।

### तस्करी रोकथाम के लिए समन्वय से करेंगे काम



**श्रीगंगानगर।** पाकिस्तान से भारतीय सीमा में ड्रोन के माध्यम से मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। इन घटनाओं की रोकथाम के लिए शनिवार को जिला कलेक्टर, पुलिस और बीएसएफ के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में एजेंसियों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए। जिलास्तरीय स्टेंडिंग कमेटी की बैठक जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

---

**वन विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर मुख्यालय को भेजा,** राजस्व विभाग के साथ जमीन की तलाश शुरू

# शेर और बाघों के होंगे दीदार, 70 करोड़ से बनेगा जैविक पार्क

बेधड़क | जयपुर

जिले में देसी-विदेशी पक्षियों के लिए मशहूर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के बाद अब पर्यटक शेर और बाघ के भी दीदार कर सकेंगे। जल्द ही भरतपुर में बायोलॉजिकल पार्क तैयार किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेज दिया है।

वहीं जैविक पार्क के लिए वन विभाग ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर जमीन की तलाश भी शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भरतपुर में बायोलॉजिकल पार्क खोलने की योजना है। ऐसे में राजस्व विभाग के साथ मिलकर केवलादेव उद्यान के मलाह क्षेत्र व आगरा-जयपुर हाईवे पर कुछ जमीनों का सर्वे किया गया है। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (घना) के निदेशक मानस सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भरतपुर में बायोलॉजिकल पार्क खोलने की योजना है। इसके तहत राजस्व विभाग के साथ मिलकर हमने केवलादेव उद्यान के पास मलाह क्षेत्र में और आगरा-जयपुर हाइवे पर कुछ जमीनों का सर्वे भी किया है। इसके प्रस्ताव तैयार कर अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को भेज दिए गए हैं।



### 30 हेक्टयर जमीन में तैयार होगा पार्क

घना के निदेशक मानस सिंह ने बताया कि योजना के तहत बायोलॉजिकल पार्क तैयार करने के लिए करीब 30 हेक्टर जमीन की जरूरत रहेगी। हमारी प्राथमिकता ऐसी जमीन की रहेगी जिसमें कुछ प्राकृतिक जलाशय या वाटर बॉडी हों। साथ ही हमारा प्रयास रहेगा कि केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के आस-पास ही इसे विकसित किया जाए। इसके लिए घना के पास मलाह क्षेत्र की जमीन पर भी विचार विमर्श किया जा रहा है, ताकि केवलादेव आने वाले पर्यटकों को बायोलॉजिकल पार्क घूमने में आसानी रहे।

### ये वन्यजीव आएंगे नजर

घना निदेशक मानस सिंह ने बताया कि बायोलॉजिकल पार्क को तैयार करने पर करीब 70 करोड़ रुपए तक खर्च होने की संभावना गई। इस पार्क में शेर, बाघ, लेपर्ड, घड़ियाल, मगरमच्छ जैसे वन्यजीव और जलीय जीवों को पर्यटकों के लिए रखा जाएगा। निदेशक मानस सिंह ने बताया इनमें कुछ वन्यजीव ऐसे भी हैं जो पहले भरतपुर में पाए जाते थे लेकिन अब देखने को नहीं मिलते। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव सरकार की भेज दिया गया है। मुख्यालय व सरकार के अनुमोदन के बाद जमीन फाइनल कर के बायोलॉजिकल पार्क की योजना पर चरणबद्ध तरीके से कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इससे भरतपुर आने वाले पर्यटकों को घूमने के लिए घना, संग्रहालय और किले के अलावा एक और पर्यटक स्थल मिल सकेगा।

---

**चचेरे भाई और उसके साथियों ने किया था अगवा,** तीन हिरासत में

# अपहरण कर युवक को उतारा मौत के घाट, शव कुएं में फेंका

बेधड़क | बाड़मेर

जिले में अपहरण कर युवक को मौत के घाट उतारने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने युवक के शव को कुएं में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है। मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। फिलहाल, पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी है। पुलिस ने इस हत्याकांड को लेकर बड़ा खुलासा किया है। जानकारी के अनुसार जिले नेहरों की नाडी बिसरणियां गांव निवासी गणपत सिंह पुत्र गोगाराम जो कि बाड़मेर शहर में रहता है।

शुक्रवार देर रात बोलोरो कैंपर में सवार होकर आए रिश्ते में चचेरे भाई भैराराम और उसके अन्य साथियों ने गणपत सिंह को अगवा कर ले गए। सूचना मिलने पर सदर थानाधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आस-पास पूछताछ करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की। वहीं, घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी रमेश कुमार शर्मा, एएसपी जस्साराम बोस, नितेश आर्य भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने टीमें गठित कर तलाश शुरू की। वहीं, शनिवार दोपहर को घटना स्थल से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित धनाऊ थाना इलाके में एक कुएं में अपहृत गणपत का शव मिला, जिसके बाद पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। इस मामले में पुलिस ने 3 युवकों को हिरासत में लिया है।



### युवक का शव फेंकने की बात कबूली

एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शुक्रवार रात शहर से गणपत सिंह के अपहरण की सूचना मिली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की अलग-अलग टीमों ने बदमाशों की तलाश शुरू की। इस दौरान बिना नंबर की क्रेटा कार मिली। इसको रुकवाकर कार सवार तीन जनों से पूछताछ की तो तीनों युवकों ने गणपत का अपहरण के बाद हत्या करके शव को नेहरो की नाडी, हरदनपुरा के पास एक कुएं में फेंकने की बात कबूली।

### मुख्य आरोपी के गुजरात जाने की सूचना

उन्होंने बताया कि इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। एसपी ने बताया कि तीनों युवकों को दस्तयाब किया है। वहीं, मुख्य आरोपी भैराराम सहित अन्य गुजरात की तरफ गए हैं। ऐसे में गुजरात एसटीएस की मदद से तलाश की जा रही है। एसपी के अनुसार प्रारंभिक जांच में अपहरणकर्ता गणपत के रिश्तेदार होने और पारिवारिक कलह के चलते घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### नाते आई पत्नी की हत्या कर पति फरार



**डूंगरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में वीरपुर गांव में 3 साल से नाते रह रही महिला के पति ने गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद से आरोपी पति फरार है। महिला का शव केलूपोश घर में चारपाई पर पड़ा हुआ मिला। वहीं शनिवार कोतवाली पुलिस ने बांसवाड़ा से फोरेंसिक टीम को बुलाकर वारदात से जुड़े साक्ष्य जुटाए। वहीं पुलिस आरोपी पति की तलाश में जुटी है। कोतवाली सीआई भगवानलाल ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिली कि बिलड़ी पंचायत भवन के पीछे वीरपुर गांव में एक महिला का शव उसके घर में पड़ा है। इस पर सीआई समेत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पहाड़ी पर स्थित एक मिट्टी से बने कच्चे घर में महिला का शव खाट पर पड़ा था। मृत महिला के अलावा घर में कोई नहीं था। पुलिस ने महिला के बारे में पड़ताल कि तो लोगों ने बताया की ये घर मनोज उर्फ मनीष बामणिया का है। मनोज महिला को नाता करके लाया है, लेकिन महिला के बारे में लोगों को कोई जानकारी नहीं थी। जांच के दौरान महिला के गोकुलपुरा में पीहर होने का पता लगा। इस पर महिला की मां ओर भाई समेत गांव के लोग पहुंचे। मां ओर भाई ने महिला की पहचान सना (30) के रूप में की।

---

**नाकाबंदी में नशे की बड़ी खेप पकड़ी**

## डेढ़ करोड़ का डोडा-चूरा बरामद, एस्कॉर्ट कर रहा युवक गिरफ्तार



बेधड़क | चित्तौड़गढ़

जिले की बस्सी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के मायरा घाटा में नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप से करीब 10 क्विंटल डोडा चूरा जब्त किया। साथ ही एस्कॉर्टिंग करते एक बाइक चालक को गिरफ्तार कर बाइक को जब्त कर लिया।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व तस्करों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार बस्सी कस्बा के मायरा घाटा में पुलिस टीम की ओर से नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान मायरा घाटा की तरफ से एक बाइक सवार आता दिखा, जो नाकाबंदी देखकर फोन से बात करने लगा। इस पर पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की तो वह घबरा गया।

बाइक सवार धाकड़ मौहल्ला सेती थाना सदर चितौड़गढ़ निवासी राहुल धाकड़ ने बताया कि गांगाजी का खेड़ा निवासी हेमजी जाट ने उनकी पिकअप की एस्कोर्ट कर लाने के लिए भेजा है। इसी दौरान मायरा घाटा की तरफ से एक पिकअप आती नजर आई, जिसका चालक घुमाव पर घुमते ही नाकाबंदी और बाइक सवार को पकड़ा देखकर नाकाबंदी पहले ही पिकअप को छोड़कर जंगल में भाग गया। पुलिस डोडा-चूरा से भरी पिकअप जब्त कर थाने पर लाई। डोडा-चूरा को तोला गया तो 49 कट्टों में कुल 987 किलो 600 ग्राम डोडा-चूरा पाया गया।

---

**नौकरी पाने वाले युवाओं ने सरकार** का जताया आभार

## नवनियुक्त कार्मिकों ने पूर्ण निष्ठा से कर्तव्य निर्वहन का लिया संकल्प

बेधड़क | सीकर

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को जयपुर में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा नवनियुक्त कार्मिकों को स्वागत सेट दिये गए। कार्यक्रम में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में नव नियुक्त कार्मिकों से मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से संवाद भी किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सीकर संभाग मुख्यालय पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को जिला परिषद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में सीकर जिले के नवनियुक्त 458 कार्मिकों ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए पूर्ण निष्ठा से अपने कर्तव्य निर्वहन का संकल्प लिया। सभी नवनियुक्त कार्मिकों का स्वागत कर स्वागत सैट दिए गए। इस अवसर पर धोद विधायक गोरधन वर्मा, उप जिला प्रमुख ताराचंद धायल, पूर्व विधायक रतन लाल जलधारी, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल सिखवाल, प्रतिपक्ष नेता अशोक चौधरी, जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परिडवाल, जिला रोजगार अधिकारी राकेश खर्रा, जिला साक्षरता अधिकारी राकेश लाटा, नव नियुक्त कार्मिक उपस्थित रहे।



---

**कार्यकर्ताओं के साथ सुनेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात'**

## सामाजिक न्याय मंत्री गहलोत आज आएंगे चाकसू

बेधड़क | चाकसू

प्रदेश सरकार में सामाजिक न्याय एवं कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत रविवार को चाकसू आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रथम बार चाकसू में 'मन की बात कार्यक्रम' में मंत्री गहलोत शिरकत कर करेंगे।



चाकसू विधायक रामावतार बैरवा एवं कार्यकर्ताओ के साथ वे मन की बात सुनेंगे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी व युवा कार्यकर्ता लालाराम जादम ने बताया कि चाकसू पंचायत समिति परिसर में सुबह 10.30 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। वहीं 11 बजे पीएम नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा, जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर समेत पंचायत समिति प्रधान, पार्टी के मंडल अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष, पंचायत समिति के सदस्य, नगर पालिका पार्षद, शक्ति केंद्र प्रमुख बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### डीएलसी मीटिंग में रखी जनता की मांगे



जयपुर कलेक्ट्रेट परिसर में डीएलसी रेट को लेकर आयोजित मीटिंग में चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने शामिल होकर विधानसभा क्षेत्र की आम जनता की मांगों को कलेक्टर के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की आम जनता की भावनाओ को मद्देनजर रखते हुए डीएलसी रेट पर कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण और शहर के अनुसार ही डीएलसी रेट को लागू करने की मांग रखी। इसमें चाकसू के किसानों और मजदूर वर्ग का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

---

**भीषण सड़क हादसे के बाद मची चीख-पुकार**

# जंगली जानवर के सामने आने से पलटी बस... दो की मौत, 27 घायल

बेधड़क | प्रतापगढ़

जिले के धरियावद में शनिवार दोपहर 1 बजे यात्रियों से भरी लोक परिवहन बस पलट गई। हादसे में 2 यात्रियों की मौत हो गई। वहीं 27 यात्री घायल हो गए। इनमें से 7 को गंभीर हालत में रेफर किया गया है। लोगों का कहना है कि जंगली जानवर अचानक सड़क पर आ गया। इसके बाद बस बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई।



जानकारी के अनुसार बस उदयपुर से प्रतापगढ़ जा रही थी। धरियावद थाना इलाके के बांसी घाटे इलाके में हादसा हुआ। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ड्राइवर बस को कंट्रोल नहीं कर पाया। बस पलटी तो कुछ लोग नीचे दब गए। हादसे में दो यात्रियों की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों यात्री धरियावद थाना इलाके के निवासी थे। बस को उठाने के लिए प्रशासन को जेसीबी और क्रेन मौके पर बुलानी पड़ी। मशक्कत के बाद बस को सीधा किया गया। इधर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने के लिए घायल यात्रियों का रेस्क्यू किया जा सका। बस का ड्राइवर बड़ी सादड़ी हॉस्पिटल में भर्ती है और कंडक्टर भी घायल है। बताया जा रहा है कि बस सीता माता अभयारण्य एरिया के जंगल से गुजर रही थी। इस दौरान जंगली जानवर के अचानक सामने आने से हादसा हो गया। धरियावद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जितेंद्र कुमार बगड़िया ने बताया-प्रशासन से हादसे की सूचना मिली थी। मेडिकल विभाग को अलर्ट किया गया। सभी स्टाफ को तुरंत हॉस्पिटल बुलाया। एंबुलेंस भेज कर 27 मरीजों को धरियावद हॉस्पिटल लाया गया। सभी का प्राथमिक उपचार किया। 7 मरीजों की हड्डियों में फ्रैक्टर थे। इनमें से कुछ ज्यादा घायल हैं। 20 मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। जबकि 5 यात्रियों को उदयपुर और 2 को प्रतापगढ़ भेजा गया है।

### श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो पलटी, चार घायल



**बहरोड़।** दिल्ली-जयपुर हाईवे 48 पर बहरोड़ के शेरपुर गांव के पास शनिवार की शाम को खाटूश्याम जी के दर्शन कर घर जाते समय स्कॉर्पियो गाड़ी का टायर फटने से गाड़ी हाईवे के बीच पलट गई। हादसे के वक्त स्कॉर्पियो गाड़ी में चार लोग सवार थे। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गाड़ी में सवार लोगों ने बताया की चारों दोस्त बाबा श्याम के दर्शन कर वापस अपने घर धारूहेड़ा हरियाणा जा रहे थे।

### सड़क हादसे में कांग्रेस नेता निम्बसिंह गंभीर घायल



**बाड़मेर।** गांव से शहर आ रहे कांग्रेस नेता व सरपंच प्रतिनिधि निम्बसिंह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनंद-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसे की सूचना मिलने पर शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी और पूर्व विधायक मेवाराम जैन जिला अस्पताल पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते निम्बसिंह को हायर सेंटर जोधपुर रेफर किया गया। जिले के उण्डखा का गांव निवासी सरपंच प्रतिनिधि निम्ब सिंह शनिवार सुबह करीब 11 बजे बाइक से बाड़मेर शहर आ रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक कुर्जा फंटा के पास अचानक स्लिप हो गई। घायल हालत में सड़क पर तड़पता देख आस-पास के लोगों ने निम्ब सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। विधायक रविंद्र सिंह भाटी और पूर्व विधायक मेवाराम ने अस्पताल में चिकित्सकों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। भाटी शनिवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर स्थित भगवान महावीर टाउन हॉल में राजस्थान सरकार के रोजगार उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान उन्हें इस हादसे की सूचना मिली तो वे कार्यक्रम छोड़कर सीधे जिला अस्पताल पहुंचे। बता दें कि इस सड़क हादसे में घायल हुए निम्बसिंह कांग्रेस पार्टी के बाड़मेर मंडल के ब्लॉक सचिव हैं। वहीं निम्बसिंह की पुत्रवधु वर्तमान में उण्डखा ग्राम पंचायत की सरपंच हैं।

## अगले साल जून तक 21 परीक्षाएं होगी आयोजित, 10 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी आजमाएंगे किस्मत

# RPSC में परीक्षाओं का दौर शुरू, हर माह हो रहे हैं एग्जाम

बेधड़क | अजमेर

सरकारी नौकरी का सपना देख रहे बेरोजगारों को उम्मीद पूरी करने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग पूरी तरह से जुट गया है। आयोग की ओर से इसी माह से परीक्षाओं का दौर शुरू कर दिया गया है। जो अगले वर्ष मई तक जारी रहेगा। इस दौरान 21 के करीब प्रतियोगी परीक्षाएं होंगी। इनमें 10 लाख से ज्यादा बेरोजगार अभ्यर्थी नौकरी के लिए अपनी किस्मत आजमाएंगें। वहीं इनमें 2207 पदों के लिए परीक्षाएं आयोजित होगी। बीते 19 जून को एक्सप्लोरेशन एंड एक्सकेवेशन अधिकारी 2023 की परीक्षा हो चुकी है।




वहीं रविवार को सहायक अभियंता यांत्रिकी (भूजल विभाग) परीक्षा 2023 का आयोजन होने जा रहा है। 12 पदों के लिए 11913 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। इसके बाद 14 जुलाई को विधि रचनाकार परीक्षा 2024 का आयोजन होगा। इसमें 9 पदों के लिए 13064 अभ्यर्थी हैं। 20 से 21 जुलाई को आरएएस मुख्य परीक्षा 2023 का आयोजन होगा। 972 पदों के लिए 19349 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 3 और 4 अगस्त 2024 को आर्काइव डिपार्टमेंट रिक्रूटमेंट 2024 का आयोजन होगा। इसमें 8 पदों के लिए 7175 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। अस्सिटेंट स्टेटिकल ऑफीसर (कृषि विभाग) 2024 का आयोजन 25 अगस्त को होगा। इसमें 10 पदों के लिए 13480 पंजीकृत हैं।

### ये हो चुकी परीक्षाएं

एक्सप्लोरेशन एंड एक्सकैवेशन अधिकारी (पुरातत्व विभाग) परीक्षा 2023 प्रयोजन 19 जून को हो चुका है। यह परीक्षा एक पद के लिए हुई थी। इसमें 8063 अभ्यर्थी पंजीकृत है। इसी दिन एक्सप्लोरेशन एंड एक्सकैवेशन अधिकारी परीक्षा (क्यूरेटर) 2023 आयोजन भी 19 जून को हुआ था। 9 पदों के लिए 9027 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

### असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा 8 से 15 सितंबर तक तय

असिस्टेंट प्रोफेसर (संस्कृत कॉलेज शिक्षा) परीक्षा 2024 का आयोजन 8 से 15 सितंबर तक होगा। इस परीक्षा में 41162 अभ्यर्थी 200 पदों के लिए परीक्षा देंगे। प्रोग्रामर परीक्षा 2024 का आयोजन 27 अक्टूबर को होगा। 216 पदों के लिए 65538 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। स्कूल लेक्चरर (संस्कृत शिक्षा) परीक्षा 2024 का आयोजन 17 से 21 नवंबर को होगा। इसमें 52 पदों के लिए 1 लाख 21 हजार 474 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) परीक्षा 2024 का आयोजन 28 से 31 दिसंबर को होगा। 347 पदों के लिए 5 लाख 61 हज़ार 472 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। जबकि असिस्टेंट प्रोसिक्यूशन ऑफिसर की परीक्षा 2024 मेन एग्जाम 1 जून 2025 को आयोजित होगी।

### अगले साल फरवरी में होगी लाइब्रेरियन सैकंड ग्रेड परीक्षा

लाइब्रेरियन ग्रेड द्वितीय (स्कूल शिक्षा) परीक्षा 2024 का आयोजन 16 फरवरी, 2025 को होगा। 300 पदों के लिए 91830 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। पब्लिक रिलेशन ऑफिसर (पीआरओ) परीक्षा 2024 का आयोजन 23 मार्च 2025 को होगा। 6 पदों के लिए 33720 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। एग्रीकल्चर ऑफिसर परीक्षा 2024 का आयोजन 20 अप्रैल 2025 को होगा। इसमें 25 पदों के लिए 10393 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार पीटीआई और लाइब्रेरियन (संस्कृत कॉलेज शिक्षा) परीक्षा 2024 का आयोजन 4 से 6 मई 2025 को होगा। इसमें 40 पदों के लिए 12173 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

## Yuva स्टोरीज

### शिवा को मिला सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष और बेस्ट स्वच्छता अभियान पुरस्कार



बेधड़क | जयपुर

एडवोकेट रोटेरियन शिवा गौड़ को वर्ष 2023-24 के लिए रोटरी द्वारा सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, और महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया गया है। उनके द्वारा किए गए कार्यों ने महिलाओं की स्थिति सुधारने और उनके अधिकारों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त, शिवा गौड़ को स्वच्छता मिशन के तहत आयोजित स्वच्छथॉन मैराथन के लिए सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। इस मैराथन का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना था। शिवा गौड़ की नेतृत्व क्षमता और उनके द्वारा किए गए कार्यों ने इस कार्यक्रम को अत्यधिक सफल बनाया। शिवा गौड़ ने वर्ष 2023-24 में अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और अब 2024-25 के लिए रोटरी स्टार्ट-अप्स मिशन समिति की अध्यक्ष हैं। वे 2015 से इस क्षेत्र में सक्रिय हैं और कई स्टार्ट-अप्स की मार्गदर्शक रही हैं। उन्होंने कई स्टार्ट-अप्स और राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए कानूनी सलाहकार की भूमिका निभाई है। शिवा गौड़ की उपलब्धि पर रोटरी क्लब के सदस्यों और समुदाय के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

### सरकार के नीति निर्माण में सांख्यिकी का विशेष योगदान: पीके दशोरा




बेधड़क | जयपुर

भारत सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं में निर्णय निर्धारण प्रक्रिया में सटीक व समयबद्ध आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह बात मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पीके दशोरा ने भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के अंचल (उत्तर) कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जयपुर में मनाए गए सांख्यिकी दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कही। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सांख्यिकी दिवस की थीम निर्णय लेने में आंकड़ों का उपयोग है।

उत्तर अंचल कार्यालय एनएसएसओ क्षेत्र संकार्य प्रभाग के उप महानिदेशक हरदीप सिह चौपड़ा ने सरकार के निर्णयों में सांख्यिकी के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से आज डेटा का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित प्रोफेसर (स्वर्गीय) प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती मनाने के लिए प्रतिवर्ष 29 जून को सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में उनके गहन योगदान के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. जयन्त सिंह एवं डॉ हंसराज यादव (आई.एस.एस), उप महानिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय एन.एस.एस.ओ. क्षेत्र संकार्य प्रभाग जयपुर उपस्थित थे। इस आयोजन में एन.एसएसओ के अधिकारीगण व कर्मचारियों एवं राजस्थान विश्वविद्यालय के शोधकर्ता व छात्रों ने भी भाग लिया।

## हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि का द्वितीय दीक्षांत समारोह

# AI कभी मानवीय संवेदनाओं को नहीं बदल सकता: मिश्र


■ दहमीकलां स्थित नए परिसर का हुआ लोकार्पण

बेधड़क | जयपुर

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह शनिवार को जेएलएन मार्ग स्थित आर.ए. पोदार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के सभागार में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कलराज मिश्र ने की। इस दौरान विवि के दहमीकलां स्थित नवनिर्मित परिसर का वर्चुअल लोकार्पण भी किया गया। इस मौके पर मीडिया में तकनीक के बढ़ते प्रयोग का जिक्र करते हुए राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) कभी भी मानवीय संवेदनाओं को नहीं बदल सकता है। पत्रकारिता शिक्षा के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के आलोक में ऐसे पाठ्यक्रम तैयार हो जो नई पीढ़ी को संवेदनशील, सजग और बेहतर नागरिक बना सके। उन्होंने 'विकसित भारत' की संकल्पना में पत्रकारिता शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों सहभागिता का भी आह्वान किया।

### भ्रामक समाचारों से कैसे बचा जाए इस पर भी होना चाहिए कार्य

मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता के इस चुनौतीपूर्ण दौर में मीडिया में इस बात की होड़ मच रही है कि पल-पल की खबरों को कैसे सबसे पहले प्रकाशित-प्रसारित किया जाए। उन्होंने पत्रकारिता शिक्षा के अंतर्गत मानवीय मूल्यों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य के पत्रकार तैयार किए जाने की आवश्यकता जताई। साथ ही डीप फेक, तथ्यहीन और मर्यादाहीन समाचार प्रस्तुति आदि भ्रामक समाचारों से कैसे बचा जाए, इस पर भी कार्य करने को कहा।



### राजेंद्र शंकर भट्ट की स्मृति के लिए 7 लाख रुपए का सहयोग

विश्वविद्यालय कुलपति सुधि राजीव ने राज्य के पहले जनसंपर्क निदेशक और प्रख्यात लेखक स्व. डा. राजेंद्र शंकर भट्ट की स्मृति मे उनकी पुत्री डॉ. सुभा त्रिपाठी द्वारा पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा के लिए सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा के भट्ट अग्रदूत रहे हैं। उनका अवदान अविस्मरणीय हैं।




### शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण पर जोर दे रहा पत्रकारिता विश्वविद्यालय: प्रो. सुधि

कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को संपूर्णता में लागू करने वाले हम राजस्थान में अग्रणी विश्वविद्यालय हैं। इसके अंतर्गत हमने न सिर्फ अपने पाठ्यक्रमों और परीक्षा-योजना को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार निर्मित किया है, बल्कि इस नीति के अनेक आयामों में से एक 'शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण' पर विशेष बल दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है और तीन वर्षीय स्नातक एवं दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के साथ ही चार वर्षीय स्नातक (ऑनर्स इन मीडिया स्टडीज) एवं एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश भी लिया जा सकता है। अभी विश्वविद्यालय में 13 शोधार्थी पीएच-डी कर रहे हैं, जिनमें से तीन को विभिन्न तरह की रिसर्च फेलोशिप मिल रही है। इसके साथ ही पीएच-डी में 13 रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए भी आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं जिनमें प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. सत्येंद्र बसवाल ने किया। राज्यपाल मिश्र ने इससे पहले संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के नव निर्मित और लोकार्पित भवन पर वृत्तचित्र का भी प्रदर्शन किया गया।

### 94 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां, 6 स्वर्ण पदक में से 5 पर लड़कियों का कब्जा

इस दौरान स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 94 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। 6 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले कुल 18 विद्यार्थियों को वरीयता प्रमाण पत्र प्रदान प्रदान किए गए। छह में से 5 स्वर्ण पदक लड़कियों ने हासिल किए।

### पहले बीए-जेएमसी बैच में 29 विद्यार्थी

विवि से बीए-जेएमसी का पहला बैच पासआउट हुआ है। इसमें 29 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। बीए-जेएमसी में प्रेरणा नामा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग में आशी प्रतीक, विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग में कौस्तुभ व्यास, मीडिया स्टडीज में रचना सैन, न्यू मीडिया विभाग में खुशी दुबे और विकास संचार विभाग में शिखा सोगानी ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

# संस्कृत भाषा में है शोध की अपार संभावनाएं: दिलावर



बेधड़क | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर क्राउन की ओर से राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मीरा मार्ग मानसरोवर को गोद लेकर किए गए विकास कार्यों का शनिवार को संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि संस्कृत भाषा देववाणी भाषा के साथ-साथ प्राचीनतम वैज्ञानिक भाषा है। इस भाषा के ग्रंथों में बहुत बड़ा ज्ञान छिपा हुआ है। संस्कृत के ग्रंथों पर हमें शोध की अपार संभावनाएं है। मंत्री ने कहा कि संस्कृत शिक्षा के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रधानाचार्य डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। साथ ही शिक्षा मंत्री से विद्यालय में कक्षा-कक्षों के निर्माण की मांग की। मंत्री दिलावर ने कक्षा-कक्षों के निर्माण के लिए आश्वासन दिया। रोटेरियन चार्टर प्रेसिडेंट विशाल गुप्ता ने बताया कि इस संस्था के भौतिक एवं शैक्षणिक उन्नयन के लिए रोटरी क्लब सक्रियता से रहेगी। विशिष्ट अतिथि वार्ड 25 पार्षद भारती लख्यानी द्वारा विद्यालय के सहयोग में भागीदार बने रहने का आश्वासन दिया गया। पर्यावरण अमृत महोत्सव के ब्रांड एंबेसडर सुभाष अग्रवाल ने विद्यालय को पर्यावरण के साथ जोड़ने का उद्घोष किया। रोटेरियन प्रेसिडेंट रीना गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा संपूर्ण राजस्थान में विशाल पैमाने पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि विद्यालय के भौतिक विकास एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में रोटरी क्लब जयपुर क्राउन का सहयोग विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर उन्नयन में सार्थक रहेगा। इस अवसर प्रेरक शिक्षिका रितु देवी का मंत्री दिलावर ने सम्मान किया। इस मौके संकुल प्रभारी डॉ. भूदेव शर्मा संभागीय शिक्षा अधिकारी डॉ. गोपाल लाल जाट, डॉ. कानाराम जाट डॉ. कमल चोटिया सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका योगिता ने किया।

## विवेकानंद मॉडल स्कूलों में प्राइमरी कक्षाएं होगी संचालित

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश मे संचालित स्वामी विवेकानन्द मॉडल विद्यालयों में अब प्राइमरी स्तर की कक्षाओं का संचालन होगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालयों में प्राइमरी स्तर की कक्षाओं के संचालन के लिए करीब 10 करोड़ रूपये के वित्तीय प्रावधान को स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही, अध्यापन कार्य के लिए तृतीय श्रेणी अध्यापक (लेवल-प्रथम) के तीन अतिरिक्त पद प्रति विद्यालय के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इन पदों पर शिक्षा विभाग में कार्यरत अध्यापकों की साक्षात्कार के माध्यम से प्रतिनियुक्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश में संचालित 134 मॉडल विद्यालयों में प्राइमरी कक्षाओं के लिए निर्मित भवनों में अब शिक्षण कार्य सुचारू रूप से हो सकेगा।

## समारोह | कोटा यूनिवर्सिटी का दीक्षांत दीक्षांत समारोह 2 जुलाई को

# स्टूडेंट्स को 28 सिक्योरिटी फीचर वाली मिलेगी डिग्री

बेधड़क | कोटा

आगामी 2 जुलाई को कोटा विश्वविद्यालय का दसवां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए बड़ा डोम बनाने के कार्य के साथ अन्य व्यवस्थाएं विवि की ओर से की जा रही है। कुलसचिव प्रोफेसर रीना दाधीच में बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। इसके साथ ही दीक्षांत अतिथि के रूप में वनस्थली विद्यापीठ निवाई टोंक की वाइस चांसलर प्रोफेसर ईना शास्त्री व विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजस्थान के उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा मौजूद रहेंगे। समारोह का सीधा प्रसारण विश्वविद्यालय की वेबसाइट फेसबुक और यूट्यूब के जरिए किया जाएगा।




समारोह के जरिए यूनिवर्सिटी 88692 कैंडिडेट्स को डिग्री वितरित करेगी, इनमें 43677 छात्र और 45015 छात्राएं हैं। इसके साथ ही इन विद्यार्थियों को 28 सिक्योरिटी फीचर वाली डिग्री दी जाएगी, जिससे ना फाड़ा जा सकता है, ना केमिकल के जरिए जलाया जा सकता है। कोटा विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. नीलिमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की तरफ से 60 गोल्ड मेडल और कुलाधिपति व कुलपति पदक दिए जाएंगे, इन्हें मिलाकर 62 गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। इनमें 18 छात्र और 44 छात्राएं हैं। यानी गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्राओं की संख्या 71 फीसदी है, जबकि छात्रों की संख्या 29 फीसदी है। कुलाधिपति पदक विज्ञान संकाय में बीते 6 सालों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली साक्षी जैन और कुलपति पदक समाज विज्ञान संकाय में बीते 6 साल में अधिकतम अंक लाने वाली पूजा साहू को दिया जाएगा। इसके साथ ही पीएचडी की बात की जाए तो 49 कैंडिडेट्स को उपाधि मिलेगी। इसमें 25 छात्र और 24 छात्राएं हैं। यहां भी बराबरी जैसे स्थिति छात्र-छात्राओं की है।

### सिक्योरिटी फीचर से लैस है डिग्री

यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक प्रवीण भार्गव ने डिग्री की खासियत बताते हुए कहा कि इसे फाड़ा नहीं जा सकता है। इसमें क्यूआर कोड से स्कैनिंग कर असलियत का पता लगाया जा सकता है। इसके साथ ही बारकोड से भी स्कैनिंग हो सकती है। यह केमिकल रेसिस्टेंट है। इसमें एसिड का भी असर नहीं होता है। साथ ही पानी में भी यह कागज गलता नहीं है। यूनिवर्सिटी की केमिस्ट्री लैब में इसकी टेस्टिंग भी की जा चुकी है।

### मैजिक टेक्स्ट व इनविजिबल सिग्नेचर भी लगा

एसोसिएट प्रोफेसर घनश्याम शर्मा ने बताया कि साल 2012 से डिग्री में सिक्योरिटी फीचर की शुरुआत की गई थी, इसके बाद इन्हें बढ़ाकर 28 कर दिया गया है। इसके अलावा मैजिक टेक्स्ट भी है, कोई भी व्यक्ति इसकी हूबहू डुप्लीकेट बनाने की कोशिश करेगा तो यह मैजिक टेक्स्ट उसमें नजर आने लग जाएंगे। साथ ही क्यूआर व बार कोड से जब डिग्री जांच होगी तो असली कैंडिडेट का नाम आएगा। इस डिग्री में कई जगह पर वाइस चांसलर के इनविजिबल सिग्नेचर भी हैं, साथ ही कई हाइट सिक्योरिटी के फीचर भी इसमें है, जिन्हें खुलासा नहीं करते।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

शाश्वत सनातन

*हिमाचल प्रदेश में एक ऐसा मंदिर है, जहां हर 12 साल में बिजली गिरती है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, जहां बिजली गिरने के बाद शिवलिंग चकनाचूर हो जाता है। यही नहीं यहां के पंडित पुजारी मक्खन से इस शिवलिंग को जोड़ते हैं। यह मंदिर बिजली महादेव के रूप में प्रसिद्ध है, मंदिर कुल्लू घाटी के सुंदर गांव काशवरी में स्थित है, जो 2460 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। मंदिर शिवजी को समर्पित है। इसे भारत के सबसे प्राचीन मंदिरों में भी गिना जाता है।*

## हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में विराजमान हैं बिजली महादेव

# भगवान शंकर के इस मंदिर में 12 वर्ष में एक बार गिरती है बिजली!



### मंदिर के पुजारी को हर साल स्वप्न में देते हैं आदेश

यहां पर आज भी भगवान शिव मंदिर के पुजारी को हर साल स्वप्न देकर आदेश देते हैं। कुल्लू से करीब 20 किलोमीटर दूर समुंद्र तल से 7874 फीट की ऊंचाई पर मथान स्थित बिजली महादेव मंदिर के अंदर पिंडी पर हर साल बिजली गिरती है, जिसके बाद पिंडी पर लगाया मक्खन का लेप खंडित हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि हर वर्ष गिरने वाली बिजली का कोई समय निर्धारित नहीं है। यह कभी भी किसी भी समय पिंडी पर गिरती है, जिसके बाद स्वयं भोलेनाथ मंदिर के पुजारी को स्वप्न देकर पिंडी के ऊपर लगे मक्खन के लेप के खंडित होने की बात बताते हैं। इसके बाद उसी रात या दिन को मंदिर के पुजारी व सहयोगी फिर से पिंडी को मक्खन का लेप करते हैं। आज तक आसमानी बिजली ने कभी किसी प्रकार की जनहानि नहीं की है। मान्यता है कि यहां पर भगवान शिव युगों-युगों से तप योग समाधि द्वारा विराजमान हैं। सृष्टि की वृष्टि में इस स्थान को बिजली महादेव मंदिर को जालंधर असुर के वध से जोड़ा गया है व दूसरे नाम से इसे कुलांत पीठ भी कहा जाता है। जब भी पृथ्वी पर भारी संकट आन पड़ता है तो भगवान शिव जीवों के उद्धार के लिए संकट को बिजली के प्रारूप में पिंडी रूप में अपने ऊपर धारण करते हैं।

### जनवरी से मार्च तक बंद रहते हैं मंदिर के कपाट

मंदिर के पुजारी के अनुसार यहां पर तीन माह जनवरी से लेकर मार्च तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं और शिवरात्रि के दिन मंदिर को खोला जाता है। मंदिर के बाहर लगभग 50 फीट की ऊंचाई पर पेड़ पर लगाए गए त्रिशूल से होकर बिजली पिंडी पर गिरती है, जिसके बाद पिंडी पर लगा मक्खन का लेप स्वयं ही खंडित हो जाता है। मंदिर में भगवान शिव की पावन पिंडी के दर्शन होते हैं। बिजली शिवलिंग पर गिरने के बारे में कहा जाता है कि भगवान शिव नहीं चाहते थे कि जब बिजली गिरे तो जन धन को इससे नुकसान पहुंचे। भोलेनाथ लोगों को बचाने के लिए इस बिजली को अपने ऊपर गिराते हैं। इसी वजह से भगवान शिव को यहां बिजली महादेव कहा जाता है। कुल्लू शहर से बिजली महादेव की पहाड़ी की दूरी करीब सात किलोमीटर है।



### कुलान्त दैत्य की कहानी है प्रचलित

बहुत पहले यहां कुलांत नामक दैत्य रहता था। दैत्य कुल्लू के पास की नागणधार से अजगर का रूप धारण कर मंडी की घोग्घरधार से होता हुआ लाहुल स्पीति से मथाण गांव आ गया। दैत्य रूपी अजगर कुंडली मार कर ब्यास नदी के प्रवाह को रोक कर इस जगह को पानी में डुबोना चाहता था। इसके पीछे उसका उद्देश्य यह था कि यहां रहने वाले सभी जीवजंतु पानी में डूब कर मर जाएंगे। भगवान शिव कुलान्त के इस विचार से से चिंतित हो गए। बड़े जतन के बाद भगवान शिव ने उस राक्षस रूपी अजगर को अपने विश्वास में लिया। शिव ने उसके कान में कहा कि तुम्हारी पूंछ में आग लग गई है। इतना सुनते ही जैसे ही कुलान्त पीछे मुड़ा तभी शिव ने कुलान्त के सिर पर त्रिशूल वार कर दिया। त्रिशूल के प्रहार से कुलान्त मारा गया। कुलान्त के मरते ही उसका शरीर एक विशाल पर्वत में बदल गया। उसका शरीर धरती के जितने हिस्से में फैला हुआ था वह पूरा की पूरा क्षेत्र पर्वत में बदल गया। कुल्लू घाटी का बिजली महादेव से रोहतांग दर्रा और उधर मंडी के घोग्घरधार तक की घाटी कुलान्त के शरीर से निर्मित मानी जाती है। कुलान्त से ही कुलूत और इसके बाद कुल्लू नाम के पीछे यही किवदंती कही जाती है। कुलांत दैत्य के मारने के बाद शिव ने इंद्र से कहा कि वे बारह साल में एक बार इस जगह पर बिजली गिराया करें। हर बारहवें साल में यहां आकाशीय बिजली गिरती है। इस बिजली से शिवलिंग खंडित हो जाता। शिवलिंग के टुकड़े इकट्ठा करके शिवजी का पुजारी मक्खन से जोड़कर स्थापित कर लेता है। कुछ समय बाद पिंडी अपने पुराने स्वरूप में आ जाती है।

शब्दों की सीख

# वैज्ञानिक ममता



शोभा गोयल
प्रताप नगर, जयपुर

एक छोटे से गांव के गरीब और पिछड़े परिवार में एक कन्या ने जन्म लिया। मां ने बड़े प्यार से नाम रखा ममता। ईश्वर का खेल देखो ममता को मां की ममता नसीब नहीं हुई। दो महिने बाद ही मां तपेदिक की बीमारी से चल बसी। आसपड़ोस के आसरे पर ममता पलने लगी। पिता मजदूर थे कभी मजदूरी मिलती तो कभी-कभी बेरोजगार घूमते, अक्सर फाकाकशी से दिन गुजरते। ममता हर परिस्थिति की आदी थी वह पढ लिखकर पिता का हाथ बंटाना चाहती मगर नियति कुछ और ही रच रही थी। जैसा कि अक्सर गरीब परिवारों में होता है विषम परिस्थितियां सबसे पहले बच्चों से स्कूल कॉलेज छीनती है।

ममता भी इसी वजह से आठवीं के आगे न पढ़ सकी। पढ़ने की उसे बड़ी हसरत थी मगर हसरत और हकीकत में बड़ा फासला था। जहां पेट भरने के लाले पड़े हो वहां बेटियों की पढ़ाई भला कोई जारी रखवा सकता है। चौदह साल की उम्र में पिता का हाथ बटाने के उद्देश्य से वह पिता के साथ मजदूरी पर जाने लगी। किशोर उम्र ईट गारे का वजन नहीं संभाल पाया और वह बीमार पड़ गई। जान पहचान के लोगों ने ममता के पिता को ममता की शादी करने की सलाह दे डाली- अरे ममता के बापू छोरी सोलह वर्ष की सयानी हो गई है उसके हाथ पीले करके अपनी दायित्व से मुक्त हो। लड़की जात है मजदूरी करवाने ले जाएगा और कोई ऊंच-नीच हो गई तो क्या करेगा। अक्सर ऐसे परिवारों में बेटियां एक चिंता का विषय होती है गांव के रिवाज के अनुसार ममता का विवाह सोलह वर्ष की उम्र में कर देना चाहिए। संयोग से एक जान पहचान का अच्छा परिवार मिल गया न चाहते हुए भी ममता शादी के बंधन में बंध गयी। गांव छुटा, बचपन का आंगन बदला, घर भी बदल गया। वह इसे ही अपना नसीब मानते हुए ससुराल में एडजस्ट करने की कोशिश करने लगी। नादान और छोटी उम्र में विवाह लड़कियों को हमेशा मुश्किलों में डाल देता है ममता इससे कैसे अछूती रहती। तीन महीने बाद ही उसके पेट में हलचल सी हुई। उसके उदर में दो जुड़वा जीव सांस ले रहे थे। अभी वह खुद बच्ची थी वह कैसे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सभालेगी इस बात से बेपरवाह होकर उसके ससुराल वाले घर के नए सदस्यों के आने की खुशियां मनाने में मगशुल हो गए। अभी ठीक से खुशी मनाई भी नहीं थी कि एक हादसे में उसके पति की जान चली गई। अभी अभी तो जिंदगी शुरू हुई थी कि वैवध्य ने आकर उसका दामन थाम लिया। अभी तो वह अपनी जिंदगी के ककहरा से परिचित भी नहीं हुई थी कि दो नई जिंदगी उसके आंचल से आकर लिपट गई।

महज सत्रह साल की वय में वह दो जुड़वा बेटियों की मां बन गई। गरीबी का आलम, वैवध्य की मार और दुधमुंहे बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी ने ममता की जिंदगी को उबड़ खाबड़, दुर्गम सा पहाड़ बना दिया। बच्चियां छोटी थी उन्हें छोड़कर वह काम पर नहीं जा सकती थी इसलिए उसने ससुराल में रहना ही उचित समझा। ससुराल में सास और जेठ-जेठानी थे। घर की भागदौड़ जेठ के हाथों में थी। ममता घर का सारा काम करती सास की भरपूर सेवा करती। शाम को अपने बच्चो को लेकर सुनहरे भविष्य की आशा में गहरी नींद में सो जाती। सब कुछ ऐसा ही चलता रहता यदि उसके साथ में वह हादसा नहीं हुआ होता। ममता की जेठानी कुछ दिन के लिए पीहर गयी थी और सास को पडौस के किसी ब्याह में जाना पडा। उस रात ममता अपनी दूधमुंही बच्चियों के साथ घर पर अकेली थी। देर रात शराब पीकर घर लौटे जेठ की गंदी नजर ममता की जवानी पर डोल गयी और उस रात ममता उस ज़ालिम की हवस का शिकार हो गयी। ममता ने खुद को बचाने का भरपूर प्रयास किया खुब जतन किए हाथ पैर चलाएं मगर खुद को बचा न सकी। दूसरे दिन सास के घर आने पर ममता ने पिछली रात का सितम और जेठ की कारगुजारी के बारे में रोते-रोते बताया। जेठ को कुछ कहने की बजाय सास ने घर की इज्जत की खातिर उसे ही मुंह बंद रखने की नसीहत दे डाली। तेरा और तेरी दोनों बच्चियों को पालने में तेरे जेठ आर्थिक योगदान है यदि उसने हाथ खींच लिया तो तू दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो जाएगी। भलाई इसी में है चुप्पी साध ले वैसे भी तेरे सर पर आदमी का साया नहीं है अकेली स्त्री का जीना दुश्वार है। घर की पगड़ी बाहर उछालने से तेरी भी बदनामी होगी और घर छूटेगा सो अलगदुनिया दस तरह की बात बनाएगी तेरी भी इज्जत मिट्टी में मिल जाएगी। खुद की नहीं तो बच्चों की तो सोच। अपनी कम शिक्षा, दो बच्चों की जिम्मेदारी और भूख से सामना करने के लिए ममता अभी तैयार नहीं थी उसने चुप रह जाना ही उचित समझा। मगर उसकी चुप्पी उसके लिए ही भारी पड गयी। उसका यूं चुप रह जाना उसके जेठ के हौसलों को बुलंद कर गया। अब वह आए दिन ममता के साथ रात काली करता। ममता छटपटा कर रह जाती। वह हर पल डरी सहमी सी रहती। रात होते ही वह कांपने लगती। वह बेबस हो गयी। जेठानी भी शायद बेबस थी तभी तो पति के अपराध पर मूक बनी रही। इस नर्क को भोगते हुए उसे तीन साल गुजर गए। एक दिन वह इन सबसे तंग आ गयी और सोचने लगी यदि इस तरह वह अपनी रहगुजर के लिए जेठ की यौनयातनाओं को सहती रही तो हो सकता है एक दिन उसकी बेटियों को भी सहना पड़े। यह विचार आते ही ममता पसीने से तरबतर हो गई। नहीं, जो मैने सहा है मेरी बेटियां यह सब कदापि नहीं सहेंगी। वे पढ़ेंगी-लिखेंगी और अपने जीवन में एक मुकाम हासिल करेंगी। इसके लिए चाहे मुझे जो कुछ भी करना पड़े, मै करूंगी। कितनी भी कठिन परिस्थितियां आये अब मैं ग़लत बर्दाश्त नहीं करुंगी। उस रात जब उसके जेठ ने उससे संबंध बनाने चाहे वह नागिन की तरह फुफकार उठी जाने उसमें जाने कौनसी उर्जा का संचार हुआ उसने जेठ को धक्का देकर दरवाजे से बाहर निकाल दिया और अंदर से दरवाजा लॉक कर लिया। बाहर से वह दुष्ट लगातार दरवाजा पीटता रहा अंदर से ममता उसे कटु वचन सुनाती रही। जेठानी और सास खामोश खडी सब देखती रही।

अगले दिन जेठ ने उसे घर निकाला दे दिया। ममता ने अपनी दोनों बच्चियों के साथ ससुराल रूपी जहन्नुम को हमेशा हमेशा के लिए छोड़ दिया। वह लौट कर अपने पिता के घर आ गयी। वह जानती थी कि पिता के घर में जिंदगी सुखद न होगी मगर इतनी दुरुह भी नहीं होगी जहां आत्मसम्मान गिरवी रखना पडे। नियति उसके जीवन की पटकथा इतनी दुखद लिखेंगी यह तो उसने कभी सोचा ही नहीं था। उसके घर आने के ठीक पांचवें दिन उसके पिता हदृयघात से चल बसे। अब ममता क्या करें उसकी जिंदगी में तबाही का मंजर नाच रहा था अब तो उसकी जिंदगी में ऐसा कुछ नहीं बचा जिसके लिए लौटा जा सके। पिता के घर में सिर छिपाने के लिए छत तो मिल गई मगर अभी घर चलाने की समस्या सुरसा के मुंह की भांति खड़ी थी। उसने हालात से मजबुर होकर दुसरों के घरों में काम किया मगर बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं हुई। ऐसे में वह अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई कैसे करवाए। वह दिन रात सोचती मगर इस समस्या का समाधान कहीं नजर नहीं आ रहा था। जब सारे रास्ते बंद हो जाए वही भगवान एक रास्ता जरूर खोल देता है घर के पिछवाड़े में ममता ने यूं ही साग सब्जियां उगा रखी थी जिससे घर ख़र्च में कुछ बचत तो सके। उस जमीन पर टमाटर खूब फले। पड़ोस में रहने वाले काका ने बाजार में बेचने का विचार दिया। बगैर कीटनाशक और प्राकृतिक तरीके से उगाए टमाटर की मांग दिन व दिन बढ़ती चली गई। ममता को खूब मुनाफा हुआ यह देखकर उसने बची जमीन पर भी खेती करने का निर्णय लिया। खेत के एक हिस्से पर उसने टमाटर और दूसरे हिस्से पर हल्दी की खेती करना शुरू किया। शुरू शुरू में उसको खेती-बाड़ी की ज्यादा समझ नहीं थी। आसपास के किसानों को देखकर उसने कुछ रासायनिक पदार्थों का उपयोग जरूरत से ज्यादा कर दिया। फसल तो अच्छी हुई मगर पहले वाली बात नहीं रही। उसने देखा कि रासायनिक कीटनाशक ने न केवल जमीन को खराब कर रहे हैं बल्कि उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उसने अखबार में पढ़ा था कि रसायनों के प्रयोग से स्वास्थ्य में गंभीर समस्या हो सकती है। वह सोच में पड़ गई यदि उसे ऐसा कुछ हो गया तो उसके परिवार का क्या होगा। उसने अपनी खेती में रासायनिक उत्पादों को तुरंत प्रभाव से काम में लेना बंद कर दिया। ममता ने प्राकृतिक खेती करने का निर्णय लिया। भले ही उपज कम हो मगर स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता न हो। इस खेती में मेहनत ज्यादा और उत्पादकता कम थी मगर सुरक्षित थी। प्राकृतिक खेती के बारे में वह अखबारों में पढती, टीवी पर किसान प्रोग्राम देखती। गांव में होने वाली कार्यशाला में भाग लेती। वह बड़े ध्यान से उनकी बातें सुनती, अपने खेतों पर अमल करती। सूखे पत्ते और गोबर से खाद बनाती। घर की फसलों से प्राकृतिक तरह के बीज लेकर उनका अंकुरण करती। खाना बनाने के समय वेस्टेज पानी को व्यर्थ न बहाकर खेत के काम मे लेती। वह दिन रात मेहनत करती। हालांकि कृषि से संबंधित कुछ नाम वैज्ञानिक थे जो उसकी समझ के बाहर थे वह डिक्शनरी में उन शब्दों के अर्थ ढूंढती, पढे लिखे लोगों से मदद लेती, गूगल करती मगर हार नहीं मानती वह निरंतर संघर्ष कर रही थी। धीरे-धीरे वह प्राकृतिक खेती की बारीकियों से अवगत होने लगी। प्राकृतिक खेती को ममता ने अपना ध्येय बना लिया। अपना व परिवार के स्वास्थ्य के साथ साथ उसे खेत का भी ख्याल रखना था क्योंकि रासायनिक पदार्थों ने उसके खेत की उर्वरा शक्ति को नष्ट कर दिया था। ममता को रास्ता मिल गया अब सफर भी आसान हो गया। ममता ने पूरे गांव में घूम घूम कर किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ बताएं। वह उन्हें प्राकृतिक खेती करने के तरीके बताने लगी उसने जानवरों के गोबर और घरेलू कचरे से खाद बनाना सिखाया। सब्जियां धोने के बाद बचे पानी को व्यर्थ ना फेंककर खेतों में डालने का सुझाव दिया। वह न दिन देखती न रात। हमेशा कुछ न कुछ करती रहती। नये नये प्रयोग करती। जैसे-जैसे वह खेती करती गई उसका अनुभव बढ़ता गया। अब गांव के किसान उसकी बात सुनते और अमल भी करते। अनुभव से ज्ञान अर्जित होता है। ममता के बनाए जैविक खाद और बीजों की मांग तेजी से बढ़ती जा रही थी इसलिए उसने गांव में एक दुकान खोल ली। साथ ही विभिन्न कृषि प्रदर्शनी के जरिए भी वह अपने उत्पादों को बेचने लगी। उसकी मदद करने के लिए गांव के कई किसान उसके साथ जुड़ गए। उसकी प्राकृतिक खेती देश-विदेश में लोकप्रिय होने लगी। ममता की मेहनत और हिम्मत का ही कमाल है कि उसकी आर्थिक स्थिति तो सुदढ़ हुई उसकी दोनों बेटियां भी दिल्ली के नामी कॉलेजों में पढ़ाई कर रही है। कभी दसवीं कक्षा पास करने की हसरत रखने वाली ममता से आज देश विदेश के कृषि वैज्ञानिक सलाह लेने आते हैं टीवी पर उसका इंटरव्यू प्रसारित होता है। कृषि अखबारों में उसका नाम प्रमुखता से लिया जाता है। माटी की सेवा के इस काम में उसे असीम सुख मिलने लगा है पहचान और दुआ के साथ अब उसे उसके नाम से पहचाना हो जाता है। ममता ने यह साबित कर दिया आगे बढ़ने का जुनून हो तो चुनौती भी एक अवसर बन जाती है वरना परिस्थितियों पर रोने वालों की कोई कमी नहीं है। ■■■

पुस्तक समीक्षा

## "दीवार के पार"



अर्चना त्यागी, लेखिका




**साहित्य** समाज का दर्पण होता है, यह बात अर्चना त्यागी का कहानी संग्रह "दीवार के पार" अक्षरशः लागू होती. अर्चनाजी की पारखी नजर और सूक्ष्म जीवन दृष्टि अपने किरदारों के बाहरी और अंदर की दुनिया में इस तरह घुसती है कि उनकी कहानियों के पात्र अपने आस पास की दुनिया में चलते फिरते दिखाई देते है!

आज की सामाजिक जीवन की बदलती परिस्थितियों का आपने इतनी सरल सहज भाषा में चित्रण किया है कि उनकी कहानियाँ बोलती हुई लगती है, यही कारण है कि वे आज के लगभग सभी प्रतिष्टित अखबार और पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित होने वाला चर्चित नाम का पर्याय बन चुकी है! "दीवार के पार" अर्चना त्यागी की 15 कहानियों का संगह है। आपने अपनी आस-पास की दुनिया को कैमरे की आंख से देखा और जैसा लगा, उसे सहज सरल भाषा के द्वारा कहानी के रूप में प्रस्तुत कर दिया!

यही सहजता उन्हें आम पाठक से जोड़ती है, और निरंतरपत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने का सुअवसर पाती है। सामाजिक परिवेश की त्रासदियों की कोई एक नहीं बल्कि अनेक रूप चित्र उनकी कहानियों में उभरे है। नारी जीवन की विडंबना को प्रस्तुत करती कहानियां गृहलक्ष्मी अकमाऊ पति की त्रासदी सहती और उसके नशे की आदतों से परेशान विद्रोही बनी रोजगार पत्नी का चित्रण किया है, किन्तु भाई साहब के प्रति पूर्ण सहानुभूति दिखाती कहानी है। वहीं पटकथा कहानी में भी विवाह के बाद मेंटल रिटायर्ड महिला के प्रति पति की सहृदयता दर्शाती कहानी है, जबकि ऐसा किरदार व्यवहार में कम दिखाई देता है। पुरुष का दोगला रूप दर्शाती "अतीत का पन्ना" एक अच्छी सकारात्मक सोच प्रकट करती है। " जैसा कर्म करोगे, वैसा फल देगा भगवान" ईश्वर सत्य है किन्तु आज की दुनिया में ऐसा होता दिखाई नहीं देता, हां छोटी-मोटी रकम होती तो समझ में बात आती है किन्तु करोडों का कर्ज उतारकर एहसान उतारना, सत्य नहीं लगता। "परवरिश" आज के समाज की विकृत होते संस्कारों की कहानी है। किन्तु अंत व्यवहारिक नहीं लगता। "साक्षात्कार" कहानी एक अच्छा संदेश देती है, प्रस्तुति भी बहुत सुंदर है, "बरसात के बाद" कहानी पति- पत्नी की सकारात्मक सोच को दर्शाती है। स्त्री-पुरूष प्रेम के बीच घटित चाहतों के बीच सोच का अंतर और अंततः सुखद निर्णय सकारात्मकता का संदेश है।

"रुके हुए कदम" कहानी एक मनोवैज्ञानिक कहानी कही जा सकती है, और प्रेम की अनुभूति और अच्छे कैरियर की तलाश का अंतर्द्वंद्व और माता पिता की सोच सब कुछ ये कहानी आज के अधिकतर परिवारों की त्रासदी को दर्शाती है और "प्यार का सफर"और "अनुष्ठान" कहानियां प्रेम में परिवार की भूमिका का नकारात्मक पहलु उभरकर सामने आया है, प्रेम का अस्तित्व केवल मन बहलाव तक है या औरत की बलि चढ़ाने तक का खेल ही है, अथवा यर्थाथ और स्वार्थ की आग में भस्म होने के लिए ही होता है। अंततः कहा जा सकता है कि अर्चना की सूक्ष्म दृष्टि आस पास के जीवन को देखती परखती है, फिर अपनी कलम का प्रयोग करती है। उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

**-डॉ. उषा माहेश्वरी पुंगलियां**

**महाराष्ट्र:** सीएम फेस को लेकर महा विकास अघाड़ी में मतभेद आए सामने, शिवसेना (यूटीबी) व राकांपा(एसपी) की राय अलग अलग

# MVA का फॉर्मूला सामूहिक नेतृत्व, एक व्यक्ति विचार ठीक नहीं: पवार

एजेंसी । मुंबई



महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के अगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे के साथ चुनाव में मैदान में उतरने पर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) जहां इस बात पर जोर दे रही है कि उद्धव ठाकरे को महा विकास अघाड़ी के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश किया जाना चाहिए, वहीं राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को किसी व्यक्ति को सीएम चेहरे के रूप में पेश करने के विचार को खारिज कर दिया। पवार ने कोल्हापुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि हमारा गठबंधन हमारा सामूहिक चेहरा है। एक व्यक्ति हमारा मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बन सकता। सामूहिक नेतृत्व हमारा फॉर्मूला है। इस बारे में तीनों गठबंधन सहयोगी मिलकर फैसला लेंगे। पवार के इस बयान के बाद राजनीतिक हल्कों में कई तरह के कयास शुरू हो गए हैं।

पवार ने एमवीए में सभी वामपंथी दलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करने वालों को शामिल करने का आह्वान करते हुए कहा कि हाल के लोकसभा चुनावों के दौरान पीडब्ल्यूपी (भारतीय किसान और श्रमिक पार्टी), आप और कम्युनिस्ट पार्टियों ने हमारी मदद की। हालांकि एमवीए में हम तीन भागीदार हैं, लेकिन हमें इन सभी दलों को भी शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बारे में जो भी निर्णय लिया जाना है, वह चर्चा के माध्यम से और सभी को विश्वास में लेने के बाद लिया जाएगा।

### बिना चेहरे के चुनाव लड़ना खतरनाक होगा: राउत

इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शनिवार को फिर कहा कि एमवीए को सीएम का चेहरा पेश करने की जरूरत है। राउत ने पहले कहा था, मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बिना महाराष्ट्र में चुनाव लड़ना एमवीए के लिए खतरनाक होगा। महाराष्ट्र ने देखा है कि उद्धव ठाकरे ने राज्य को कैसे संभाला, खासकर कोविड-19 के महत्वपूर्ण दौर में। लोगों ने उद्धव ठाकरे की लोकप्रियता के कारण एमवीए को वोट दिया...। एक चेहराविहीन गठबंधन चुनाव जीतने में हमारी मदद नहीं करेगा।

### लोगों को पता होना चाहिए वे किसको वोट दे रहे हैं

राउत ने शनिवार को अपनी बात पर जोर देने के लिए हाल के लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन और प्रधानमंत्री पद के चेहरे की अनुपस्थिति का हवाला दिया। अगर इंडिया ब्लॉक ने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के चेहरे के तौर पर पेश किया होता, तो हमें 25-30 सीटें और मिल जातीं...। लोगों को पता होना चाहिए कि वे किसके लिए वोट कर रहे हैं। लोगों ने इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी को वोट दिया। वे चेहरा जानना चाहते हैं। हमारे बीच इस बात को लेकर कोई मतभेद नहीं है कि हमारा मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन होना चाहिए। हम एकजुट होकर चुनाव लड़ने के लिए दृढ़ हैं।

### महाराष्ट्र में सभी धर्मों के बुजुर्गों के लिए तीर्थ योजना



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को सभी धर्मों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रा योजना 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बुजुर्गों की मदद करेगी जो खुद तीर्थ स्थल नहीं जा पाते हैं। शिंदे ने विधायक प्रताप सरनाइक के प्रस्ताव का जवाब देते हुए राज्य विधानसभा में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह योजना सभी धर्मों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए होगी। योजना के लिए नियम बनाए जाएंगे। सरनाइक ने अपनी मांग में कहा कि वरिष्ठ नागरिक वित्तीय समस्याओं के कारण तीर्थयात्रा पर जाने का अपना सपना पूरा नहीं पाते हैं या उनके साथ जाने वाला कोई नहीं होता है।

### पूर्व मंत्री सहित 9 की हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित नौ की न्यायिक हिरासत अवधि 12 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने जेल में बंद आलमगीर आलम के तत्कालीन आप्त सचिव संजीव कुमार लाल, उसके नौकर जहांगीर आलम, ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, उनके चचेरे भाई आलोक रंजन, हवाला कारोबारी नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता, राम प्रकाश भाटिया एवं उनके सहयोगी की अगली पेशी की तिथि 12 जुलाई को निर्धारित की गई है। बता दें कि ईडी ने 37 करोड़ रुपये बरामदगी मामले में आलमगीर आलम को 15 मई को गिरफ्तार किया था।

**दिल्ली शराब घोटाले मामले में सुनवाई**

# केजरीवाल को एक और झटका,14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक और बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने कोर्ट से केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजने की अपील की थी। सीबीआई ने अपने आवेदन में कहा था कि केजरीवाल पूछताछ के दौरान जानबूझ टालमटोल कर रहे थे, लेकिन वर्तमान स्थिति में हिरासत में लेकर आगे पूछताछ की आवश्यकता नहीं है।

सीबीआई ने कहा कि केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजा जाए क्योंकि वह एक प्रमुख राजनेता हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के साथ बहुत प्रभावशाली हैं। सीबीआई ने कहा कि अगर उन्हें न्यायिक हिरासत में नहीं भेजा गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं और पूछताछ के दौरान उनके सामने आए सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं।

कोर्ट ने सीबीआई की अपील को स्वीकार करते हुए 12 जुलाई तक केजरीवाल को सीबीआई की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



### जमानत के लिए कर सकते हैं आवेदन

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील विक्रम चौधरी ने अदालत से 5 मिनट तक दलीलें पेश करने का अनुरोध किया। अदालत ने कहा के आप एक या दो दिन बाद संबंधित अदालत में जमानत के लिए आवेदन दायर कर सकते हैं। आप न्यायिक हिरासत का विरोध नहीं कर सकते। हालांकि अदालत ने बचाव पक्ष को पांच मिनट सुनने पर सहमति दी। अदालत ने कहा कि पुलिस रिमांड पूरा होने के बाद अदालत के पास न्यायिक हिरासत में भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन आरोपी जमानत के लिए आवेदन कर सकता है।

बता दें, सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल को दिल्ली शराब घोटाले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें तीन दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। शनिवार को हिरासत की अवधि खत्म होने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले केजरीवाल को 21 मार्च को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### कोर्ट में केजरीवाल को परिवार से मिलने की अनुमति

केजरीवाल के वकील ने कोर्ट से पूछा कि क्या केजरीवाल का परिवार कोर्ट में मौजूद रहने के दौरान उनसे 10 मिनट के लिए मिल सकता है? न्यायाधीश ने परिवार के सदस्यों को अदालत में केजरीवाल से मिलने की अनुमति दे दी और अन्य लोगों को कुछ समय के लिए वहां से चले जाने को कहा।

### मानहानि मामले में कोर्ट में पेश हुई आतिशी



मानहानि के एक मामले में दिल्ली की मंत्री आतिशी कोर्ट के समक्ष वर्चुअली पेश हुईं। मेट्रोपोलिटियन मजिस्ट्रेट तान्या बमनियाल ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 23 जुलाई की तारीख तय की। भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर ने मानहानि का मामला दर्ज कराया था। कपूर ने मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम भी दर्ज कराया था, लेकिन कोर्ट ने केजरीवाल को समन जारी करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने इस मामले में आतिशी को 28 मई को समन जारी किया था। शिकायत दर्ज कराने से पहले बीजेपी नेता ने आतिशी को लीगल नोटिस भेजा था। नोटिस में उन्होंने कहा था कि 2 अप्रेल 2024 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया था कि भाजपा नेता ने पार्टी में शामिल करने के लिए उनसे संपर्क किया था। नोटिस में कहा गया था कि आतिशी ने झूठा आरोप लगाकर भाजपा और उसके सदस्यों को बदनाम किया है। आतिशी ने यह नहीं बताया कि किस नेता ने उनसे संपर्क किया था। यह केवल भ्रम फैलाने के लिए किया गया था।

**कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना**

# अडाणी समूह पर चीन की मदद लेने का आरोप

एजेंसी । नई दिल्ली



कांग्रेस ने शनिवार को उस खबर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा जिसमें कहा गया है कि अडाणी समूह ने अपनी सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि करदाताओं के पैसे से चीनी कंपनियों को फायदा न हो।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नॉन-बायोलिकल' प्रधानमंत्री ने 19 जून, 2020 को गलवान झड़प के बाद देश को यह कहकर बदनाम किया था कि ना कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने एक टेम्पोवाला मित्र की मदद के लिए चीनी श्रमिकों को उदारतापूर्वक वीजा जारी करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाते हैं। ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अडाणी और अंबानी को गाली देना बंद कर दिया है, क्या टेम्पो भरकर नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं।

रमेश ने कहा कि अडाणी समूह ने कथित तौर पर अपने सौर विनिर्माण परियोजना में मदद के लिए आठ चीनी कंपनियों का चयन किया है और 30 चीनी श्रमिकों के लिए वीजा जारी करने के लिए विशेष अनुमति मांगी है।

उन्होंने दावा किया, कोयला और बिजली-उपकरणों में बिल अधिक दिखाने और अडाणी समूह की कंपनियों में अवैध हिस्सेदारी जैसे कई ''मोदानी घोटालों'' को बढ़ावा देने के बाद 'नॉन-बायोलॉजिक प्रधानमंत्री इस मामले में अपने साझेदार और करीबी मित्र को फायदा पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं को क्यों नहीं नजरअंदाज कर देंगे? रमेश ने कहा कि ये रियायतें तब दी जा रही हैं, जब चीन ने पूर्वी लद्दाख में 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा किए हुए है। उन्होंने दावा किया कि चीन से भारत का आयात 2018-19 में 70 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 101 अरब डॉलर हो गया है।

**कर्नाटक:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार की पार्टी नेताओं को चेतावनी...

# डिप्टी CM व CM के मुद्दे पर बयानबाजी न करें

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी में मचे सियासी घमासान के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से इस मुद्दे पर सार्वजनिक बयान नहीं देने को कहा। साथ ही अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के हित में इस मामले में कुछ भी बोलने से बचें। शिवकुमार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने संतों से राजनीतिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने का भी अनुरोध किया। एक





सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दिल्ली यात्रा के दौरान आलाकमान से किसी उपमुख्यमंत्री पर कोई चर्चा नहीं हुई है और न ही मुख्यमंत्री के बारे में कोई सवाल है। उन्होंने कहा कि किसी भी मंत्री को मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री के मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से या मीडिया के सामने टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही चेतावनी दी कि अगर कोई विधायक या पार्टी से कोई भी इस मुद्दे को उठाता है, तो एआईसीसी या मुझे नोटिस जारी करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अनुशासन के बिना कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'खरगे, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मैंने पार्टी के हित में फैसला किया है कि कैसे काम करना है। इसलिए किसी विधायक या मंत्री या स्वामीजी को बोलने की कोई जरूरत नहीं है। यदि वे (संत) हमें आशीर्वाद दें तो यह काफी है।' ज्ञात रहे कि राज्य में वीरशैव-लिंगायत, एससी/एसटी और अल्पसंख्यक समुदायों के तीन और उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने की मांग जोर पकड़ रही है। वर्तमान में, प्रभावशाली वोक्कालिगा समुदाय से आने वाले शिवकुमार सिद्धारमैया कैबिनेट में उपमुख्यमंत्री हैं।

**लालू यादव ने आपातकाल को किया याद, कहा...**

# हमें नहीं कहा गया था राष्ट्र-विरोधी

एजेंसी । पटना

राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने शनिवार को कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कई नेताओं को आपातकाल में जेल में डाला। लेकिन उनके साथ उन्होंने कभी भी दुर्व्यवहार नहीं किया और न ही कभी इंदिरा गांधी और उनके मंत्रियों ने हमें राष्ट्र-विरोधी या देशद्रोही कहा। राजद प्रमुख ने आपातकाल को लेकर उनके व एक पत्रकार द्वारा लिखे लेख को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किया जिसमें यह बात कही गई है। इस लेख में उन्होंने



भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा कि हालांकि 1975 देश के लोकतंत्र पर दाग है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 2024 में विपक्ष का सम्मान कौन नहीं कर रहा है। राजद नेता ने कहा, उन्होंने कभी भी उपद्रवियों को हमारे संविधान के निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की स्मृति को अपवित्र करने में सक्षम नहीं बनाया। उन्होंने पोस्ट में कहा, मैं उस संचालन समिति का कंवीनर था, जिसे जयप्रकाश नारायण ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए आपातकाल की ज्यादतियों के खिलाफ आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए गठित किया था। 15 महीनों से अधिक समय तक मैं जेल में था। मैं और मेरे साथी आज आपातकाल के बारे में बोलने वाले भाजपा के कई मंत्रियों को नहीं जानते थे। हमने मोदी, जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री के कुछ अन्य मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के बारे में नहीं सुना था जो आज हमें स्वतंत्रता की अहमियत पर लेक्चर देते हैं।

**जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कई अहम फैसले**

# संजय झा बने JDU के कार्यकारी अध्यक्ष, 2025 के विस चुनाव पर नजर

- भाजपा से जदयू में आए थे झा
- नीतीश के बेहद करीबी व विश्वस्त माने जाते हैं
- भाजपा नेताओं से भी हैं करीबी रिश्ते
- जदयू को महागठबंधन से निकालकर राजग में पुन: शामिल करने में अहम भूमिका रही
- अब विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ डील रहेगी मुख्य चुनौती

एजेंसी । नई दिल्ली

बिहार से राज्यसभा सांसद संजय झा जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की नई दिल्ली में शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री व पार्टी प्रमुख नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला किया गया।



### विशेष राज्य की मांग पर कायम

चौधरी ने कहा कि बिहार को विशेष दर्जा और विशेष पैकेज की हमारी मांग पुरानी है और यह आज भी कायम है। हमारे नेता ललन सिंह, संजय झा आने वाले समय में प्रधानमंत्री से मिलेंगे और अपनी बात मजबूती से रखेंगे।

खुद सीएम नीतीश कुमार ने झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव किया। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने सहमति जता कर उनके नाम पर मुहर लगा दी। इसके अलावा बैठक पारित एक प्रस्ताव में केंद्र से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या स्पेशल पैकेज देने की मांग की गई है।

राजनीतिक सूत्रों के अनुसार जदयू के महागठबंधन से निकलकर राजग में शामिल होने में संजय झा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। झा भाजपा से जदयू में आए हैं और वे नीतीश के बेहद करीबी और विश्वस्त नेता माने जाते हैं। भाजपा नेताओं के साथ भी उनके अच्छे रिश्ते हैं। समझा जाता है कि नीतीश कुमार ने इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का फैसला किया है।

ब्राह्मण समाज से ताल्लुक रखने वाले संजय झा मिथिलांचल में जदयू के बड़े नेता माने जाते हैं। बैठक में नीतीश कुमार के अलावा केसी त्यागी, ललन सिंह, विजय कुमार चौधरी, देवेश चंद्र ठाकुर समेत पार्टी के सभी महत्पूर्ण नेता शामिल थे।

### मिशन 2025 पर चर्चा

लोकसभा चुनाव 2024 के बाद पहली बार हुई जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मिशन 2025 की तैयारी पर चर्चा हुई। पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद झा ने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। आने वाले समय में हम अपनी पार्टी का विस्तार देश के विभिन्न राज्यों तक करेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पार्टी की भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

### भाजपा के साथ गठबंधन का जिम्मा सौंपा

जदयू नेता व मंत्री अशोक चौधरी ने बताया कि संगठन के साथ ही भाजपा के साथ गठबंधन की जिम्मेदारी संजय झा को सौंपी गई है। संजय झा के भाजपा के साथ अच्छे संबंध हैं, ऐसे में पार्टी की कोशिश है कि संजय झा के जरिए भाजपा से विधानसभा चुनाव में बेहतर शर्तों के साथ समझौता किया जाए। बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक में झा को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के अलावा भी कई कई अहम फैसले लिए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने, आरक्षण की सीमा बढ़ाने, बिहार को विशेष पैकेज देने या विशेष राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। बैठक में नीट पेपर मामले में हुई अनियमितता की जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की गई। बैठक में एक प्रस्ताव में कहा गया है कि बिहार में आरक्षण को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने संबंधी प्रस्ताव को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए ताकि इसे लागू करने में दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

## ‖ जरूरी खबर ‖

### पीएम मोदी रूस के बाद ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 10 जुलाई तक दो देशों की यात्रा पर होंगे। इस दौरान वे रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। खास बात यह होगी कि 1983 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद वियना जाने वाले नरेंद्र मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वियना के लिए रवाना होंगे। 41 साल से अधिक समय में मध्य यूरोपीय राष्ट्र ऑस्ट्रिया की यात्रा करने वाले नरेंद्र मोदी दूसरे प्रधानमंत्री होंगे। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी ने आस्ट्रिया का दौरा किया था। इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विदेश मंत्री जयशंकर भी शामिल होंगे।

### पासपोर्ट सेवा केंद्रों पर सीबीआई की छापेमारी

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद सीबीआई ने महाराष्ट्र में 33 जगहों पर बड़े स्तर पर छापेमारी की है। इस दौरान मुंबई और नासिक जिले में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान में कई डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने लोअर परेल और मलाड में पासपोर्ट सेवा केंद्र के बिचौलियों और अधिकारियों से जुड़े एक भ्रष्टाचार रैकेट का पर्दाफाश किया है। आरोपी अधिकारी पासपोर्ट सुविधा एजेंटों के साथ संपर्क में थे।

### रवि अग्रवाल होंगे CBDT के नए चेयरमैन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1988 बैच के राजस्व अधिकारी रवि अग्रवाल को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। वे नितिन गुप्ता का स्थान लेंगे। अग्रवाल अभी बोर्ड में सदस्य (प्रबंधन) के पद पर कार्यरत हैं। इनकी सेवानिवृत्ति इसी वर्ष सितंबर में होनी है, लेकिन वे अगले वर्ष 30 जून तक अपने पद पर बने रहेंगे। सीबीडीटी आयकर विभाग की सर्वोच्च नीति निर्माता है। सीबीडीटी में चेयरमैन के अलावा छह सदस्य हो सकते हैं। बोर्ड में अन्य सेवारत सदस्य प्रज्ञा सहाय सक्सेना, एचबीएस गिल, प्रवीण कुमार, संजय कुमार और संजय कुमार वर्मा हैं।

## सहमति पत्र पर हस्ताक्षर




*पंचकूला। पंचकूला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में शनिवार को हरियाणा के पंचकूला में हरियाणा सरकार तथा राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर (गुजरात) के मध्य एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत हरियाणा में फोरेंसिक विज्ञान में प्रशिक्षण और प्रयोगशाला परीक्षण सुविधाओं के उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना होगी।*

### जनरल द्विवेदी आज संभालेंगे सेनाध्यक्ष का पद



**नई दिल्ली।** सेना को रविवार दोपहर बाद नया प्रमुख मिल जाएगा। मौजूदा वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी नए सेनाध्यक्ष का पद संभालेंगे। वे ऐसे वक्त में सेना प्रमुख का पद संभाल रहे हैं जब लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर चीन से निपटने से लेकर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से निपटने की चुनौतियां बढ़ी हैं। सेना के आधुनिकीकरण के साथ ही अग्निवीर के तौर पर एक बड़े मसले का हल निकालना भी बाकी है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी का उत्तरी सेना कमांडर के रूप में लंबा कार्यकाल रहा है। यहां उन्हें पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैन्य गतिरोध में चल रहे ऑपरेशनों का लंबा अनुभव भी मिल चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का जन्म 1 जुलाई 1964 को हुआ।

**सैन्य अभ्यास के दौरान पार कर रहे थे नदी,** अचानक बाढ़ आ गई

# लद्दाख में सेना का टैंक नदी में डूबा, 5 जवान शहीद

एजेंसी | नई दिल्ली

**लेह।** लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान सेना का टैंक टी-72 श्योक नदी में अचानक आई बाढ़ से डूब गया। घटना में एक जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गए। सेना के अनुसार घटना शुक्रवार देर रात एक बजे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास न्योमा चुशूल इलाके में हुई। सेना ने सभी सैनिकों के शव नदी से निकाल लिए हैं। इनकी पहचान एमआरके रेड्डी, सुभान खान, भूपेंद्र नेगी, ई तेइबम और सादरबोनिया नागराजू के रूप में हुई है। लेह में सेना के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार देर रात सैन्य अभ्यास चल रहा था। देर रात पूर्वी लद्दाख में सासेर ब्रांग्सा इलाके में टैंक श्योक नदी को पार कर रहा था लेकिन वे पानी में फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही सैन्य बचाव दल मौके पर पहुंचा। नदी में पानी का बहाव तेज होने और अचानक जलस्तर बढ़ने के कारण बचाव कार्य शुरू नहीं हो सका। देखते ही देखते टैंक पानी के तेज बहाव के साथ नदी में डूब गया जिससे एक जेसीओ समेत पांच सैनिक शहीद हो गए। घटना मंदिर मोड़ के पास हुई जो लेह से 143 किलोमीटर दूर है। ये दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र में है। ये इलाका गलवान घाटी से भी करीब है।

ज्ञात रहे कि श्योक नदी उत्तरी लद्दाख से होते हुए पाकिस्तान के गिलगित बाल्टिस्तान की ओर बहती है जिसका दायरा करीब 550 किलोमीटर का है।




### सेना में टी-72 टैंक का है बड़ा बेड़ा

भारतीय सेना के बेड़े में 2400 टी-72 टैंक हैं। भारत समेत दुनिया के 30 देशों की सेना इसका इस्तेमाल कर रही हैं। 43.8 टन वजनी टैंक 48 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल सकता है। इंजन पॉवर 780 एचपी है। इसको सोवियत संघ ने डिजाइन किया है। भारत 2030 तक इस टैंक को हटाने की तैयारी में है।

### एकाएक बादल फटने से आई बाढ़

इस युद्ध अभ्यास के दौरान टैंकों द्वारा जिस जलधारा को पार किया जा रहा था, ऊंचाई वाले इलाकों में बादल फटने के कारण अचानक उसमें बाढ़ आ गई।

### राजनाथ सिंह ने दुख व्यक्त किया

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में पांच सैनिकों की शहादत से व्यथित हूं। दु:ख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है।

**LOC पर भारतीय चौकियों पर गोलीबारी**

## अमरनाथ यात्रा के बीच पाकिस्तान ने तोड़ा संघर्ष विराम

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में शुक्रवार देर रात पाकिस्तानी रेंजर्स ने बिना उकसावे के भारतीय चौकियों को निशाना बनाकर सीजफायर का उल्लंघन किया। हालांकि भारतीय सेना ने भी उकसावे का 'मुंहतोड़' जवाब दिया। कृष्णा घाटी में अग्रिम भारतीय चौकी पर सीमा पार से गोलीबारी की खबर मिलते ही सेना एक्शन में आ गई। पाकिस्तानी सैनिकों ने सीजफायर का उल्लंघन ऐसे समय पर किया है जब कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी गोलीबारी के जवाब में नियंत्रण रेखा पर तैनात जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ और थोड़े समय बाद यह रुक गई। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा की गई गोलीबारी घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को कवर फायर प्रदान करने का प्रयास हो सकता है।



### नियंत्रण रेखा पर हाई अलर्ट

पाकिस्तानी गोलीबारी के बाद नियंत्रण रेखा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षा बलों ने पाकिस्तानी आतंकवादियों के घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। इलाके में तलाशी जारी है। गौरतलब है कि पाकिस्तान आतंकवादी समूहों को समर्थन और प्रशिक्षण देता है। सीजफायर का उल्लंघन करते हुए आतंकवादियों को भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ कराने का प्रयास करता रहा है।

**शिक्षा मंत्री प्रधान का कांग्रेस पर** अराजकता व भ्रम फैलाने का आरोप... कहा-

## नीट PG की नई तारीख की घोषणा दो दिन में

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि अगले दो दिनों के भीतर राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड नीट-पीजी के नए कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नीट-पीजी उन परीक्षाओं में से एक है, जिन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर उठे विवाद के बीच एहतियात के तौर पर पिछले सप्ताह रद्द कर दिया गया था। प्रधान ने पंचकूला में मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। ज्ञात रहे कि एनटीए ने रद्द की गईं तीन परीक्षाओं की एक दिन पहले ही नई तारीखें घोषणा की थी। नीट के मुद्दे पर प्रधान ने कहा, कांग्रेस चर्चा नहीं चाहती है। वे इससे भाग रहे है। वे केवल अराजकता और भ्रम फैलाना चाहते हैं और संस्थागत तंत्र के पूरे कामकाज में बाधाएं पैदा करना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने खुद उस मुद्दे को संबोधित किया है, जिसके बारे में कांग्रेस बहस करना चाहती है। इस प्रक्रिया में चुनौतियों और कमियों को मानते हुए हमें उन पर गौर करना होगा।




### NEET फर्जीवाड़ा मामलाः चार आरोपी 2 तक सीबीआई हिरासत में

गुजरात की एक अदालत ने शनिवार को गोधरा के एक स्कूल में आयोजित नीट-यूजी परीक्षा में कथित कदाचार के आरोप में गिरफ्तार चार आरोपियों को दो जुलाई तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। गुजरात पुलिस ने इस मामले में पिछले महीने पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने उनमें से स्कूल शिक्षक तुषार भट्ट, जय जलाराम स्कूल के प्रिंसिपल पुरूषोत्तम शर्मा के साथ ही बिचौलिए विभोर आनंद और आरिफ वोहरा की हिरासत की मांग की। जांच एजेंसी ने पांचवें आरोपी शिक्षा सलाहकार परशुराम रॉय की रिमांड नहीं मांगी। सभी पांच आरोपी गोधरा उपजेल में बंद हैं। सरकारी वकील राकेश ठाकोर ने कहा कि पंचमहल के प्रधान जिला न्यायाधीश सीके चौहान ने शनिवार को उनकी रिमांड के लिए CBI के अनुरोध को मंजूरी दे दी। CBI के वकील ध्रुव मलिक ने अदालत को बताया कि हालांकि पुलिस ने मामले में जांच की थी, लेकिन एजेंसी को नए सिरे से जांच करने के लिए उनकी हिरासत की जरूरत है।

**हरियाणा में भाजपा का महामंथन**

## सैनी ही होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

एजेंसी | चंडीगढ़

भाजपा हरियणा में आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में लड़ेगी। हरियाणा भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार को पंचकूला पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में पार्टी एक बार फिर से हरियाणा की जनता का विश्वास जीतने जा रही है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भाजपा विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी को किसी बैसाखी की जरूरत नहीं पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि 2019 में बहुमत न मिलने पर भाजपा ने जजपा, हलोपा व निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी। पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि मन में कोई भी संशय मत रखें। मेरी बात पर भरोसा रखें। भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ हरियाणा में सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए हरियाणा की पूर्व सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि एक सरकार आती थी जो सिर्फ भ्रष्टाचार फैलाती थी तो दूसरी सरकार सिर्फ अपने जिले में काम करती थी। भाजपा सरकार ने पूरे हरियाणा का समग्र विकास किया है। सभी जिलों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इन दस साल में कोई यह नहीं कह सकता कि हरियाणा में किसी की दबंगई चलती है।




**2040 तक इंसान को चांद पर भेजने की तैयारी**

# मेगा रॉकेट 'सूर्या' विकसित कर रहा है ISRO

एजेंसी | बेंगलुरु

चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा है कि भारत भविष्य के अंतरक्ष मिशनों के लिए अगली पीढ़ी का प्रक्षेपण यान (नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल-NGLV) विकसित कर रहा है। इसे मनुष्यों को चांद पर भेजने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम एनजीएलवी या सूर्या नाम का नया रॉकेट बना रहे हैं। फिलहाल इसकी डिजाइन पर काम जारी है। इसमें लिक्विड ऑक्सीजन (LOx) और मीथेन पर आधारित नया इंजन लगाया जाएगा। इसमें लोअर स्टेज के लिए लिक्विड ऑक्सीजन और मीथेन इंजन होंगे और अपर स्टेज में क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सोमनाथ ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत का मेगा-रॉकेट सूर्या मौजूदा रॉकेटों की तुलना में काफी बड़ा होगा। लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पेलोड क्षमता 40 टन से अधिक होगी, जो कि मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशनों के लिए बहुत जरूरी है। उम्मीद है कि 2040 तक भारत के गगनयात्री को चंद्रमा की सतह तक यह सूर्या रॉकेट ही लेकर जाएगा। सोमनाथ ने बताया, पुष्पक के स्केल-डाउन वैरिएंट का पहला फेज पूरा हो गया है। तीन सफल सुरक्षित लैंडिंग के साथ हम बड़ा वैरिएंट बनाने की प्रक्रिया में हैं, जो कि स्केल-डाउन मॉडल से 1.6 गुना अधिक होगा। पहले लैंडिंग के साथ समान तर्ज पर इसका टेस्ट किया जाएगा और फिर इसे रॉकेट के जरिए कक्षा में लॉन्च करेंगे।





### चंद्रमा के नमूने पृथ्वी पर लाने की योजना

उन्होंने कहा कि भारत 2040 तक इंसान को चांद पर भेजने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। यह मिशन चंद्रयान मिशनों की एक अहम कड़ी होगी, जो भारत को अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। सोमनाथ ने बताया कि इसरो का लक्ष्य 'शिव शक्ति' प्वाइंट से अगले कुछ वर्षों में चंद्र नमूने को पृथ्वी पर लाना है। इसरो के इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की संरचना और उसके रहस्यों को और गहराई से समझना है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले चीन ने भी सफलतापूर्वक चंद्रमा से नमूने वापस लाने में सफलता प्राप्त की थी। अब भारत भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### निरंतरता बनाए रखनी होगी

सोमनाथ ने कहा, हमें चांद पर उतरने के लिए कई चीजों में निरंतरता बनाए रखनी होगी, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान और ट्रांस-लूनर मानव अंतरिक्ष उड़ान शामिल हैं। हमें चंद्रयान मिशनों को जारी रखना होगा क्योंकि चांद पर जाना और वापस आना भी हमारी पहुंच में हो। हमें एक ऐसे स्तर तक पहुंचना होगा जहां शायद हमारे लोग चांद पर जा सकें और वापस आ सकें।

**सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक सम्मेलन में कहा...**

## न्यायाधीशों को भगवान के बराबर मानना खतरनाक

एजेंसी | कोलकाता

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि जजों को भगवान के बराबर मानने की प्रवृत्ति खतरनाक है, क्योंकि न्यायाधीशों का काम जनहित की सेवा करना है। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अक्सर हमें माननीय या लॉर्डशिप या लेडीशिप कहकर संबोधित किया जाता है। जब लोग बोलते हैं कि कोर्ट न्याय का मंदिर है तो यह बहुत बड़ा खतरा है। यह बहुत खतरे की बात है कि हम खुद को उन मंदिरों में देवताओं के रूप में देखने लगें। उन्होंने कहा कि जब उन्हें बताया जाता है कि कोर्ट न्याय का मंदिर है, तो उन्हें संकोच होता है, क्योंकि मंदिर में न्यायाधीशों को देवता की स्थिति में माना जाता है। मैं न्यायाधीश की भूमिका को लोगों के सेवक के रूप में फिर से परिभाषित करना चाहूंगा और जब आप खुद को ऐसे लोग मानते हैं जो दूसरों की सेवा करने के लिए हैं, तो आप करुणा, सहानुभूति, न्याय करने की धारणा लाते हैं।



## शुभ फूड, ट्रैवल और वेडिंग इंडस्ट्री का जयपुर में महाकुंभ

# दुबई-फ्रांस के साथ देशभर के एक्सपर्ट्स ने प्रदेश में वेडिंग टूरिज्म को किया प्रमोट

### वैड इन राजस्थान, ट्रैवल इन राजस्थान और फूड इन राजस्थान पर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मंथन

**बेधड़क.जयपुर।** दुबई-फ्रांस के साथ गोवा, जोधपुर, आगरा, दिल्ली, उदयपुर, हैदराबाद और देश भर के वेडिंग टूरिज्म एक्सपर्ट्स गुलाबी नगरी के मंच पर आए और प्रदेश में वेडिंग टूरिज्म को बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही इस मौके पर विश्व स्तर पर राजस्थान टूरिज्म इंडस्ट्री को पहचान और बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने वाले विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। इसके लिए शुभ फूड, ट्रेवल और वेडिंग टूरिज्म समिट और अवॉर्ड्स सीजन-6 का आयोजन होटल नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस मौके पर देश-दुनिया के जाने-माने वेडिंग एक्सपर्ट ऋतुराज खन्ना के साथ हैदराबाद से राखी कांकरिया ने चर्चा करते हुए कई नई जानकारी और इंडस्ट्री के चैलेंजेज को सामने रखा। इस दौरान बीकाजी के एमडी दीपक अग्रवाल, नेहा चुगानी, अनिल लोहाना, ऋतुराज राज खन्ना, गौरी चड्ढा (दुबई), देवेंद्र शास्त्री, सन्नी सबरवाल, अजय चौहान आदि गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे।



### 50 अवॉर्ड्स देकर किया मोटिवेट

प्रोग्राम में दुनिया भर के विशेषज्ञों और उनकी टीम को अवॉर्ड्स दिए गए। इस दौरान करीब 50 अवॉर्ड देकर उनको मोटिवेट किया। अवॉर्डीज ने अपनी जर्नी शेयर की।

### दुबई की फीमेल वेडिंग प्लानर ने किया मोटिवेट

शुभ वेडिंग्स निदेशक राजन कायस्थ और आरती निर्वाण ने बताया, कि कार्यक्रम में फूड स्पेशलिस्ट्स शामिल हुए। दुबई की फेमस वेडिंग प्लानर तसनीम अलीभाई के साथ गौरी चड्ढा प्रमुख रहे। उन्होंने अपनी इंडस्ट्री इनसाइट और स्पेशलाइजेशन शेयर किए। वहीं कार्यक्रम में इंडियन एक्सपर्ट्स के रूप मे ऋतुराज खन्ना (नोएडा), देवेंद्र शास्त्री और राखी कांकरिया (हैदराबाद), सनी सबरवाल (दिल्ली), पवनमीर चंदानी (मुंबई), आदिल पठान (उदयपुर), मनीष अग्रवाल (उत्तर प्रदेश), संदीप उपाध्याय (आगरा), नेहा चुगानी (जोधपुर), दीपक अग्रवाल (बीकानेर) और पी. पी. खन्ना (दिल्ली), राजस्थान टूरिज्म से राकेश शर्मा ने भाग लिया।

### बारीकियों पर किया डिस्कशन

कार्यक्रम में ग्लोबल वेडिंग टूरिज्म में अवसर, लोकल कल्चर के अनुभवों का इंटीग्रेशन, राजस्थानी फूड का इंटरनेशनलिजशन टॉपिक्स पर पैनल डिस्कशन हुआ। इस दौरान देश-दुनिय के विशेषज्ञों ने वेडिंग टूरिज्म की बारीकियां बताईं। उन्होंने फूड एंथूसिएस, ट्रैवल एजेंसियों, वेडिंग प्लानर और यूनिक वेडिंग डेस्टिनेशन के आइडियाज की तलाश कर रहे लोगों के लिए कई आइडिया बताए।



महेश कुमार को मिला प्रशस्ति पत्र

## डॉक्टर्स-इंजीनियर्स ने 'रिद्म फेस्ट' में बांधा सुरों का समां




**बेधड़क. जयपुर।** फेस्ट में अलग-अलग विधाओं से जुड़े कलाकार, यंगस्टर्स और हर उम्र के लोगों ने हिस्सा लिया और प्रतिभा को सामने लाए। कलाकारों के सिंगिंग टैलेंट को जयपुर में दर्शाया। मौका था सिंगर वीणा मोदानी के "रिद्म फेस्ट" का, जिसमें 4 से 80 साल के लोगों ने प्रस्तुति देकर वाहवाही पाई। नारायण सिंह सर्कल स्थित इंद्रलोक ऑडिटोरियम में इस दौरान अलग-अलग प्रोफेशनल्स ने सिंगिग प्रतिभा को दिखाकर सुर्खियां बटोरी। इसमें डॉक्टर्स, सीए, बिजनेसमैन , वर्किंग लेडीज, एडवोकेट, इंजीनियर्स, लेक्चरर, हाउस वाइफ और बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान सिंगर हर्षित मोदानी ने स्पेशल परफॉर्मेंस दी और कुल 40 से 50 प्रतिभागियों ने प्रस्तुतियां दीं। इससे पहले प्रतिभागियों को 10 दिन की ट्रेनिंग देकर अलग-अलग संगीतकारों और गायकों के गाने तैयार कराए गए थे, जिनको उन्होंने मंच पर उतारा। कलाकारों ने बॉलीवुड सॉन्ग बुलेया, दिल से रे, फेरो ना नजरिया, भोले ओ भोले जैसे गानों के जरिए ऑडिटोरियम में मौजूद दशकों से प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मोमेंटा दिए गए। कार्यक्रम का संचालन हर्षित मोदानी ने किया।

## निवेदिता सारड़ा अध्यक्ष और श्रद्धा अग्रवाल बनीं उपाध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)-इंडियन वुमन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन)-राजस्थान चैप्टर की मीटिंग के दौरान निवेदिता आर. सारड़ा को वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई-इंडियन वूमन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन) राजस्थान चैप्टर अध्यक्ष और श्रद्धा अग्रवाल को उपाध्यक्ष घोषित किया गया। सारड़ा गोल्ड मेडलिस्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट, सर्टिफाइड ट्रेजरी मैनेजर और कॉर्पोरेट वकील हैं। वेदांत लॉ चेंबर्स की फाउंडर पार्टनर हैं। सारड़ा व्यापार संरचना और पुनर्गठन, अधिग्रहण, इन्सोल्वेन्सी एंड बैंकरप्टसी, बेनामी, संयुक्त उद्यम, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, अमलगमेशन्स्, अंतरर्राष्ट्रीय व्यापार वित्त, कॉर्पोरेट वित्त और प्रतिभूतियों पर विभिन्न सरकारी और निजी संस्थाओं के लिए कानूनी संरक्षक, सलाहकार, वकील, परियोजना प्रायोजक और समन्वयक के रूप में कार्य करती हैं। वहीं श्रद्धा अग्रवाल एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और स्वास्थ्य कल्याण समूह की सीईओ हैं। 2011 में 21 साल की उम्र में चार्टर्ड अकाउंट बन गईं और फिर हेग्रुप (कोर्न फेरी) में सलाहकार के रूप में काम करने लगीं।

## City इवेंट्स

### प्रीत की मन मा बढ़ती है शीतल अगन...



**बेधड़क. जयपुर।** नेट-थिएट के कार्यक्रमों की श्रृंखला में उभरते युवा कलाकारों ने छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाकर सुनाई और माहौल को सुफियाना बना दिया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया, कि कार्यक्रम में सूफियाना कलाम मन मा लागी है, जा दिल से तोरी लगन, प्रीत की मन में बढ़ती है शीतल अगन, मेरे अरबी सजन, मेरे अरबी सजन को फकीराना अंदाज में गाकर दाद बटोरी। अंत में प्रसिद्ध कलाम दमा दम मस्त कलंदर अलीशा पहला नंबर गाकर माहौल को रूमानियत से भर दिया।

### कुष्ठाश्रम में मनाया "परम आनंद दिवस"



**बेधड़क. जयपुर।** गलताजी स्थित सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम में संस्थापक थियो कोसी मुकली के निर्वाण दिवस परम आनंद दिवस को श्रद्धांजलि भजन संध्या आयोजित कर मनाया गया। गायक नवल डांगी ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की और उन्होंने जानकी नाथ सहाय तब कौन बिगाड करें और इतनी शक्ति हमें दे ना दाता, मां का विश्वास कमजोर हो ना साथ ही सुप्रसिद्ध भजन ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। इनके साथ तबले पर देवेंद्र कुमार और गिटार पर पवन बालोदिया व मजीरे पर विनोद शर्मा ने संगत की।

### नाटक: प्रेम कथा से खुला कत्ल का राज




**बेधड़क. जयपुर।** विश्व भर में एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय जून महीने को प्राइड मंथ के रूप में मनाता है। इस साल जयपुर में पहली बार वार्षिक महोत्सव "रेनबो रैप्सोडी" प्रस्तुत किया जाएगा। जिसका उद्देश्य गुलाबी नगरी में क्वीयर अभिव्यक्ति और क्वीयर प्रतिभा को बढ़ावा देना है। समारोह में "एक टपरी: दास्तान-ए-कत्ल" नाटक का मंचन रेनबो सोसायटी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स और स्थानीय समुदाय क्यू सोशल, जयपुर क्वीयर वुमेन और स्पेक्ट्रम स्टोरीज के सहयोग से किया गया। रवींद्र मंच पर हुए नाटक में में कहानी चाय की टपरी के इर्द-गिर्द घूमती है जिसे एक वृद्ध दादा चलाते हैं। एक कत्ल के शोर से टपरी पर आने-जाने वाले हर शख्स कत्ल से अपना कोई ना कोई सरोकार रखता है और कहानी आगे बढ़ती है। नाटक में तरुण, यश चांदनी, सौरव, चर्चित, यशपाल, कनिष्का और प्रखर ने अभिनय किया।

## पहली बार रजत दीप से भक्तामर मंडल दीप अर्चना

# पुण्यशाली जीव ही उपार्जित धन का कर सकता है सदुपयोग



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में शुक्रवार को आचार्य श्री १०८ शशांक सागरजी व संघस्थ मुनि श्री १०८ संदेश सागरजी के सानिध्य में 48 रजत दीपक से मंडल पर भक्तामर अर्चना का आयोजन हुआ। मन्दिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया, कि सुबह नित्य अभिषेक के बाद आचार्यश्री द्वारा उच्चारित विश्व शांति के लिए ऋद्धि मन्त्रों युक्त शान्तिधारा करने का सौभाग्य सुनील अलका साक्ष्य सेठी परिवार को मिला। राजा बाबू सेठी मालपुरा वालों की ओर से भगवान के समक्ष दीप ज्योति प्रज्वलित के बाद भक्तामर पाठ के एक-एक श्लोक व ऋद्धि मन्त्र उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलम करोमि बोलते हुए उपस्थित समाज श्रेष्ठियों द्वारा क्रम से मण्डल पर रजत दीप समर्पित किए गए। भक्तामर महिमा के बाद आचार्यश्री ने आशीर्वाद स्वरूप कहा, कि उपार्जित धन का सदकार्यों में उपयोग करने का अवसर पुण्य शाली जीव को मिलता है और यह रजत दीप अर्चना उसी का उदाहरण है। कार्यक्रम पंच परमेष्टि की व मूलनायक नेमिनाथ भगवान की आरती के साथ संपन्न हुआ।

## जेकेके: शिल्प ग्राम में जिला स्तरीय मिलेट मेला आयोजित

# आमजन को किया मोटे अनाज के सेवन के प्रति प्रोत्साहित





**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्सने मोटे अनाज का महत्व समझा और उसके बारे में जानकारी ली। मौका था एफएसएसएआई की ओर से देश में मिलेट्स यानी मोटे अनाज को बढ़ावा देने की कड़ी में लगे मेले का। आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण नियंत्रण राजस्थान जयपुर और मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर की ओर से जेकेके के शिल्पग्राम में मिलेट मेले ने सभी का ध्यान खींचा। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण पंकज ओझा, निदेशक आरसीएच डॉ. एस. एस. राणावत, संयुक्त निदेशक जयपुर जोन डॉ. नरोत्तम शर्मा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर टीकाकरण डॉ. रघुराज सिंह, एडिशनल डायरेक्टर जवाहर कला केंद्र प्रियंका जोधा, सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत, मुख्य खाद्य विश्लेषक केंद्रीय प्रयोगशाला डॉ. करण सिंह सहित जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी, चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने मिलेट फेयर का परिचय दिया। मुख्य खाद्य विश्लेषक, केंद्रीय प्रयोगशाला डॉ. करण सिंह ने शुद्ध आहार के लिए की जा रही कार्यवाहियों के बारे में बताते हुए खाद्य प्रयोगशालाओं के संचालन पर सारगर्भित जानकारी दी।

**कार्यक्रम** सृजन द स्पार्क जयपुर की ओर से आयोजित कार्यक्रम के अंत में मेंबर्स ने उठाया क्रिकेट का आनंद

# अल्फाजों और सुरों में चला नगमों का दौर... सीधे मन की ओर

**बेधड़क | जयपुर**

'लब्ज भीगे हैं..', 'हवा के जैसा गुजर गया..', 'मोहब्बत में ना जाने क्यों..' जैसी दर्शकों की पसंदीदा गजलों को सुन माहौल में मौज उठ गई। भारत के 50-60 दशक के लोक्रप्रियों गीतों को शायरियों से बांध नए अलफाज और अंदाज में प्रस्तुत किया। इस दौरान 'अभी ना छोड़ के..', 'कभी कभी मेरे दिल में..', 'जिंदगी के सफर में..' आदि नग्मों से कलाकारों ने रसिक श्रोताओं से तारीफ पाई। कुछ ऐसा सुरमई नजारा था 'अलफाज़ और आवाज' कार्यक्रम का।



सृजन द स्पार्क जयपुर की ओर से आरआईसी में हुए प्रोग्राम में सृजन द स्पार्क जयपुर चीफ पैट्रन आईपीएस प्रसन्ना खमेसरा, चेयरमैन राजेश नवलखा और प्रेजिडेंट सुरेश ढड्ढा ने कलाकारों का स्वागत किया।



फोटो: पंकज शर्मा

### छा गई सुरों की जोड़ी

कंपोजर-सिंगर राजेश सिंह और गजल लेखक अजय पांडेय की जोड़ी ने कार्यक्रम को सुरों में पिरोया। इसमें यूट्यूब पर 2 करोड़ व्यूज पार कर चुका 'लब्ज भीगे हैं..' खास रहा। एल्बम में प्राची देसाई मुख्य भूमिका में दिखाई दे रही हैं। वहीं इंस्टाग्राम में वायरल हो चुके संगीत को श्रोताओं की फरमाइश पर प्रस्तुत किया। इस दौरान देश और विदेश में लाइव कॉन्सर्ट कर चुके राजेश सिंह ने गालिब, कबीर दास, बुल्ले शाही, हजरात आमिर खुसरो, निदा फजली जैसे रचनाकार और समकालीन कवियों की कविताओं को सुर देते हुए सादगी से नग्मों में पेश किया। वहीं पंकज उदास की आखिरी तीन गललों के लेखक अजय पांडेय ने हर गाने के बाद शायरियों का दौर चालू रखा। गायक रोबिन काला, प्रियंका कानूनगो और संजीव जैन ने भी अपनी आवाज का हुनर प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में मैंबर्स के लिए टी-20 फाइनल मैच की लाइव स्क्रीनिंग का आयोजन हुआ।



मन की सहायता से ही मन को मारा जा सकता है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## यूक्रेन के अग्रिम पंक्ति के गांवों को रूस ने बनाया निशाना

# रूसी सेना की गोलाबारी में चार की मौत

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन के अग्रिम पंक्ति के गांवों पर रूस की गोलाबारी में चार लोगों की मौत हो गई और एक अपार्टमेंट ब्लॉक की ऊपरी मंजिलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब रूस 1,000 किलोमीटर की सीमा पर कई इलाकों में यूक्रेनी सेना को तैनात करना जारी रखे हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी यूक्रेन के अग्रिम पंक्ति के गांवों पर रूसी गोलाबारी में चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत हो गई।

गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने सोशल मीडिया पर बताया कि रूसी-यूक्रेनी सीमा पर स्थित गोरोदिशचे गांव में हुए हमले में दो बच्चे भी मारे गए। क्षेत्रीय प्रमुख सेरही लिसाक ने बताया कि नीपर में रूसी हमले में अपार्टमेंट ब्लॉक की ऊपरी चार मंजिलें नष्ट हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए, जिनमें एक 7 महीने की बच्ची भी शामिल है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि देश के ट्वेर, ब्रायंस्क और बेलगोरोड क्षेत्रों के साथ-साथ यूक्रेन के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर रात में छह यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए। उसने कुर्स्क क्षेत्र में कथित हमले के बारे में जानकारी नहीं दी।

### यूक्रेन का 10 रूसी ड्रोन मार गिराने का दावा

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि हाल के रूसी हमलों में देश ने अपनी लगभग 80% ताप विद्युत और एक तिहाई जलविद्युत ऊर्जा खो दी है। नीपर में हुए हमले पर चर्चा करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि यह यूक्रेन के सहयोगियों के लिए एक चेतावनी है कि देश को और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की आवश्यकता है। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि उसने रात भर में 10 रूसी ड्रोन को मार गिराया है।

## दो शीर्ष उम्मीदवारों के बीच दूसरे चरण की वोटिंग 5 को

# ईरान में एक हफ्ते में ही फिर से होगा राष्ट्रपति का चुनाव

### राष्ट्रपति चुनाव में किसी को नहीं मिला बहुमत



**एजेंसी** | दुबई

ईरान में शुक्रवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में चारों में किसी भी उम्मीदवार को निर्धारित 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले। इसके कारण शीर्ष वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के बीच पांच जुलाई को एक बार फिर से मुकाबला होगा।

आगामी शुक्रवार को होने वाले चुनाव में सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियान का मुकाबला कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली से होगा। गृह मंत्रालय ने कहा कि किसी ने भी जीतने के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल नहीं किया। चुनाव में कुल 2.4 करोड़ मत पड़े। इसमें से मसूद पेजेशकियान 1.04 करोड़, जबकि सईद जलीली को 94 लाख वोट मिले।

तीसरे नंबर पर संसद के स्पीकर बाकर कालीबाफ रहे, जिन्हें 33 लाख वोट मिले और मुस्तफा पोरमोहम्मदी को दो लाख छह हजार वोट मिले। जलीली के पश्चिम-विरोधी विचार पेजेशकियान के विपरीत हैं। विश्लेषकों ने कहा कि जलीली की जीत इस्लामिक गणराज्य की विदेश और घरेलू नीति में और भी अधिक विरोधी मोड़ का संकेत होगा, लेकिन सौम्य स्वभाव वाले पेजेशकियान की जीत से पश्चिम के साथ तनाव कम करने, आर्थिक सुधार, सामाजिक उदारीकरण की संभावनाओं में सुधार में मदद मिल सकती है। इससे पहले ईरान के इतिहास में सिर्फ एक ही बार फिर से मुकाबला उस समय हुआ जब वर्ष 2005 में कट्टरपंथी महमूद अहमदीनेजाद ने पूर्व राष्ट्रपति अकबर हाशमी रफसंजानी को हराया था।

### उम्मीदवारों को 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिलने जरूरी

ईरान में 18 साल से ज्यादा उम्र के लगभग 6.1 करोड़ वोटर्स हैं, जिनमें से लगभग 1.8 करोड़ लोगों की उम्र 18 से 30 साल के बीच है। चुनाव जीतने के लिए किसी उम्मीदवार को कुल डाले गए वोटों में से 50 प्रतिशत से अधिक वोट मिलना जरूरी है। राष्ट्रपति चुनाव में भ्रष्टाचार, प्रेस की आजादी, हिजाब पर कानून जैसे कई अहम मुद्दे हैं, जिस पर चुनाव होगा।

### लोगों अधिक से अधिक मतदान की अपील

ईरान में अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई थी, क्योंकि इसे आर्थिक कठिनाइयों, राजनीतिक और सामाजिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध के कारण जनता के असंतोष के कारण वैधता संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, शनिवार को जारी गृह मंत्रालय की गणना के अनुसार इस वर्ष मतदान लगभग 40 प्रतिशत के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया।

## नेपाल में भारी बारिश ने मचाई तबाही

# लैंडस्लाइड से 9 लोगों की गई जान



**काठमांडू**। नेपाल में भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है। भारी बारिश के चलते हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गई। भूस्खलन की घटना नेपाल की राजधानी काठमांडू से लगभग लगभग 250 किलोमीटर दूर पश्चिम में घटी है। राष्ट्रीय आपदा बचाव और प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, तीन अलग-अलग क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण कई लोगों की मौत हो गई, जब ये हादसे हुए उस समय लोग अपने घरों में सो रहे थे और इसमें एक ही परिवार को कई लोग दब गए और उनकी मौत हो गई। यह घटना नेपाल के गुल्मी जिले के मलिका गांव में हुई। भूस्खलन के कारण एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान चली गई। पीड़ितों में एक दंपती, उनकी बहू और दो पोते शामिल थे, जिनमें से एक 8 महीने की बच्ची थी।

अधिकारियों का कहना है कि लैंडस्लाइड के कारण केवल गुल्मी में ही लोगों की मौत नहीं हुई, बल्कि बागलुंग जिले में भी दो लोग मारे गए हैं, वहीं स्यांगजा जिले में लैंडस्लाइड से दो अन्य लोगों की मौत हो गई।

## माउंट एवरेस्ट के बराबर

# धरती के करीब आया 'प्लैनेट किलर'



**एजेंसी** | वॉशिंगटन

दो विशाल एस्टेरॉयड धरती के करीब से गुजरेंगे। इनमें से एक का आकार माउंट एवरेस्ट के बराबर है। इन्हें धरती के करीब से गुजरना है। इनसे डरने के जरूरत नहीं है, क्योंकि कोई भी खतरा पैदा नहीं करेगा, लेकिन चूंकि उनमें से एक को पिछले सप्ताह ही खोजा गया था और दूसरा हमारे ग्रह के करीब से गुजरने वाले अब तक के सबसे बड़े पिंडों में से एक है, यह पृथ्वी के लिए खतरों को याद दिलाते हैं।

इनके धरती के करीब से गुजरने का समय बेहद खास है। 30 जून को एस्टेरॉयड डे मनाया जाता है। ये दोनों विशाल उल्कापिंड धरती के करीब इसी दौरान गुजर रहे हैं। 415029 (2011 UL21) नाम का विशाल एस्टेरॉयड गुरुवार को पृथ्वी के सबसे करीब से गुजरा। यूरोपी स्पेस एजेंसी के मुताबिक अपने निकटतम बिंदु पर यह लगभग 65 लाख किलोमीटर से ज्यादा दूर था।

यह पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी का 17 गुना ज्यादा है। इसका आकार 7500 फीट (2.28 किमी) से ज्यादा बड़ा है, जो लगभग माउंट एवरेस्ट के व्यास के बराबर है। यह धरती के करीब मौजूद 99 फीसदी क्षुद्रग्रहों से बड़ा है। इसके दो दिन बाद एक और एस्टेरॉयड पृथ्वी के करीब से गुजरेगा। हालांकि खगोलविदों का कहना है कि इसके प्रभाव की भी 0 फीसदी संभावना है। 2024 MK नामक एस्टेरॉयड 2.90 लाख किलोमीटर दूर होगा। यह चंद्रमा की कक्षा के भीतर से गुजरेगा।

### नासा ने उल्कापिंड की बदली थी दिशा

नासा ने 2022 में एक अंतरिक्ष यान से डिमोर्फोस उल्कापिंड को टक्कर मारी थी। यह अपनी तरह का पहला मिशन था, जिसने उल्कापिंड की कक्षा में 32 मिनट का बदलाव किया। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी भी खतरनाक उल्कापिंड को धरती की ओर आने से रोकने के लिए उसकी दिशा इसके जरिए बदली जा सकती है। इस साल की शुरुआत में नासा ने सरकारी प्रतिनिधियों के एक समूह के सामने एक एस्टेरॉयड के 14 वर्षों में पृथ्वी से टकराने की संभावना का एक काल्पनिक परिदृश्य प्रस्तुत किया, जिसमें पता चला कि अभी दुनिया को और भी तैयारी की जरूरत है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl